CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, रविवार 27 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 115 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र भाजपा प्रमुख की रेस: ब्राह्मण-ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी पेज 2



एशिया कप यूएई में खेला जाएगा खेल टाइम्स



अमेरिका कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका पेज 11



दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा बॉलीवुड

# ऑपरेशन सिंदूर से पाक को दिया सीधा संदेश: आर्मी चीफ

श्रीनगर, वार्ता

**सेना प्रमुख** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर शनिवार को यहां कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत का संकल्प, संदेश और पाकिस्तान को निर्णायक जवाब था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे।

जनरल द्विवेदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के अंतर्गत कारगिल की चोटियों पर अद्वितीय विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने उस समय स्पष्ट कर दिया था कि उसकी सीमाओं के भीतर किसी भी नापाक इरादे को सफलता नहीं मिलेगी। भारत की एकता और -शेष पृष्ठ दो पर



**■ आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा, कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी**

## कारगिल विजय दिवस पर मुर्मू ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1999 के कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दिन को देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले भारतीय सैनिकों के असाधारण पराक्रम, अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

## खड़गे, सोनिया गांधी ने कारगिल नायकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संप्रग की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को बरसों तक 'भारत के इतिहास में वीरता का स्वर्णिम अध्याय' बताया जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा कि कारगिल विजय दिवस पर हम अपने सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सभी साथी भारतीयों को हार्दिक बधाई देते हैं।

## हमारे बहादुर जवानों की कुर्बानी प्रेरणा देती रहेगी: पीएम



**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर पीएम मोदी ने 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने इस दिन को भारत के उन वीरों के अद्वितीय साहस और अदम्य साहस की याद दिलाने वाला बताया जिन्होंने सर्वोच्च चोटियों पर राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## 50 करोड़ कीमत की 10 किलो हेरोइन जब्त, आठ गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## झारखंड के डैम में डूबने से चार युवकों की मौत

**नई दिल्ली।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चेक डैम में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। सभी दलाईकला गांव के रहने वाले थे और डैम में नहाने आए थे। इनमें दो युवक बेस्ट फ्रेंड थे, जबकि दो आपस में रिश्तेदार थे।

## बेबाकी से कहा सीजेआई ने

# सरकार और अदालतों में एक जैसी लालफीताशाही

अमरावती, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने जनता के घर-द्वार तक न्याय पहुंचाने के लिए न्यायपालिका के विकेंद्रीकरण का सुझाव दिया। वे अपने पैतृक जिले अमरावती के दरियापुर कस्बे में कोर्ट बिल्डिंग का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

**न्यायपालिका का विकेंद्रीकरण हो: गवई**

सीजेआई गवई ने कहा कि न्यायिक अवसंरचना समिति के प्रमुख के रूप में उन्होंने नए तालुका और जिला न्यायालयों की स्थापना का एक मॉडल तैयार किया है। उनके प्रस्ताव पर काम हो रहा है, लेकिन अदालतों और सरकार में लालफीताशाही एक जैसी है। हालांकि उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे न्यायिक अवसंरचना कार्यों के प्रति सकारात्मक रहे हैं। आज भी पर्याप्त फंड दिया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि वह दरियापुर में -शेष पृष्ठ दो पर

## पुराने वाहन मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध में ढील देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अपनाए गए कड़े उपायों और बड़ी संख्या में लोगों होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से 2018 के प्रतिबंध से संबंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतिबंध से प्रदूषण मानकों का पालन करने वाले वाहनों के मालिकों को व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सरकार ने 'एमसी मेहता बनाम भारत सरकार' मामले में एक आवेदन के जरिये शीर्ष अदालत से यह गुहार लगाई है।

## भगदड़ मामला: आरसीबी, इवेंट कंपनी और राज्य क्रिकेट संघ को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की ओर से बनाए गए जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग की रिपोर्ट सामने आई। इसमें स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम की डिजाइन ऐसी नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित तरीके से इकट्ठा हो सकें।

## एनआईए ने आईएसआईएस की विचारधारा फैलाने वाले के खिलाफ किया आरोपपत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और षड्यंत्र मामले के एक मुख्य आरोपी के खिलाफ तमिलनाडु में शनिवार को आरोपपत्र दायर किया।

एनआईए के अनुसार अलफसिथ नाम का यह आरोपी तमिलनाडु के मयिलादुथुराई का रहने वाला है और उसके खिलाफ खिलाफ पूनमल्ले (तमिलनाडु) स्थित एनआईए की विशेष अदालत में भारतीय दंड संहित की धारा 153 ए और 505 तथा गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 13 और 39 के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अलफसिथ आईएसआईएस के कट्टर समर्थकों मोहम्मद आशिक और साथिक बच्च के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ था। ये दोनों तमिलनाडु में आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में शामिल थे।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram College
Parikarma Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
src_mzn@rediffmail.com www.srgcmzn.com
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)



Hon'ble Smt Anandiben Patel, Governor of UP felicitating Dr S C Kulshreshtha, Founder Chairman, SRC for getting "NAAC A++ Award"



Prof Vimala Y, VC, MS University, Saharanpur felicitating Dr Poonam Sharma, President & Sankalp Kulshreshtha, Secretary, Management Committee, SRC for getting "Autonomous Status"

Benefits to Study in Autonomous College
- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams & Higher Credits for Internal Assessment.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be Issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

Maa Shakumbhari University Saharanpur
Letter of Appreciation to Shri Ram College, Muzaffarnagar
Maa Shakumbhari University, Saharanpur is overwhelmed and feels proud for Shri Ram College, Muzaffarnagar which has become the only college certified with A++ grade by NAAC in the entire state of Uttar Pradesh.
It is equally an unprecedented and historical achievement for Maa Shakumbhari University that its affiliated college Shri Ram College, Muzaffarnagar has become "Autonomous College" not only the first college of the University but also the first college of universities of Western Uttar Pradesh. The management, faculty members, staff and students deserve great appreciation for this achievement.
Maa Shakumbhari University expresses its appreciation towards the efficient leadership of Shri Ram College and hopes that the college will also illuminate other educational institutions of the University with its aura.
With best wishes for the bright future of the college,
Date- 28th March 2025
Place- Muzaffarnagar
(Professor Vimala Y)
Vice Chancellor

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

Courses Offered
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy | MSc- Agri Chem & Soil Sc BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance BSc- Tourism & Hospitality Management
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism * Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration | Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26

For Further Information Please Contact @
Business Administration: 9927729646; Agriculture: 9412192801; Computer Application: 9358348700; Bioscience: 9456895886; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Edu.: 8394930091; Phy Edu.: 7817861855; Fine Arts: 9719402220; Journalism: 9927668855; Home Sc. & AEDP: 8800538281

# डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर रेटिंग में मोदी टॉप पर

नई दिल्ली, वार्ता

**■ दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति दूसरे स्थान पर**
**■ टैरिफ वॉर की वजह से ट्रम्प को आठवां स्थान मिला**

**पीएम मोदी** ने शनिवार को जारी डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में टॉप स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 75 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है।

दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग हैं। जे म्युंग को 59 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अंडर 5 में जगह नहीं मिली है। ये आंकड़े अमेरिका स्थित व्यवसायिक खुफिया फर्म मार्निंग कंसल्ट जारी करती है। ट्रम्प को 45 फीसदी से कम अप्रूवल रेटिंग के साथ आठवां स्थान मिला है। यह ताजा ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच की है।

## 17 सांसद संसद रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, भाजपा के रविकिशन और निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत का नाम शामिल है। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। इनके अलावा 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इनमें भाजपा के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा है। बाकी सांसदों में भाजपा की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, भाजपा की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो और दिलीप सैकिया भी शामिल हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकाने पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है। अवैध मकान को ढहाने की स्थिति का जिला. धिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन परती की जमीन पर सबरोज ने मकान बनाया था।

### कर्नाटक के दो अधिकारियों के बीच मारपीट में चले जूते

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में तैनात राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिका. रियों के बीच हुई बहस के बाद मारपीट होने की खबर सामने आई है। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विशेष अधिकारी एच. अंजनेया ने सहायक स्थानीय आयुकत एवं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विशेष अधिकारी सी. मोहन कुमार पर जूते से उन पर हमला करने का आरोप लगाया है। यह घटना नई दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन के कार्यालय परिसर में घटी और तब प्रकाश में आई, जब अंजनेया ने स्थानीय आयुकत इमकोंगला जमीर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। अंजनेया ने अपनी शिकायत में कहा कि मुझे जूते से पीटा गया और मेरे सम्मान एवं गरिमा को ठेस पहुंची है।

# उप्र भाजपा प्रमुख की रेसः ब्राह्मण व ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी

**लखनऊ, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई में नए अध्यक्ष को लेकर मंथन जारी है। संगठन के सूत्रों की मानें, तो छह नामों की एक सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी गई है, उसमें दो ब्राह्मण, दो पिछड़े समुदाय से और दो दलित समुदाय से हैं। इन नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जल्द ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा इसका ऐलान भी कर दिया जाएगा।

दरअसल भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अगले साल पंचायत चुनाव होने हैं। वहीं 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और राज्य इकाई प्रमुख का चुनाव इन बातों को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा। राज्य में लोकसभा चुनाव में मिली हार को पलटकर लखनऊ में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करना चाहेगी। भाजपा ने 37 में से 25 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों में राज्य प्रमुखों का चयन कर लिया है। अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की भी तैयारी कर रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सुझाए गए नामों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी (दोनों ब्राह्मण), उत्तर प्रदेश के मौजूदा मंत्री धर्मपाल सिंह और मौजूदा केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा (दोनों ओबीसी), और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया और मौजूदा एमएलसी विद्यासागर सोनकर (दोनों दलित) शामिल हैं। भाजपा नेता ने कहा कि संगठन ने अपनी ओर से केंद्रीय नेतृत्व को उपयुकत नाम सुझाए हैं, जिन पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए विचार किया जा सकता है और नेतृत्व सक्रिय रूप से उनका मूल्यांकन कर रहा है। अगले दो हफ्तों में और संभवत: उससे भी पहले कोई फैसला होने की संभावना है। अपनी साफ-सुथरी छवि और शैक्षणिक योग्यता के लिए जाने जाने वाले ब्राह्मण नेता शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और शीर्ष नेतृत्व का विश्वास प्राप्त है। द्विवेदी भी ब्राह्मण हैं और युवा तथा संसदीय अनुभव लेकर आते हैं।

# आरओ-एआरओ परीक्षा यूपी के २३८२ केंद्रों पर आज

## यूपीपीएससी के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए

**प्रयागराज, वार्ता**



■ यूपी में परीक्षा पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यह परीक्षा 27 जुलाई को प्रदेश के 2382 केंद्रों पर होगी।

इससे पूर्व 11 फरवरी 2024 को हुई इसी परीक्षा में पेपर लीक हो गया था और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी। यह परीक्षा अब डेढ़ साल बाद होने जा रही है और इस दौरान परीक्षा की पारदर्शिता व निगरानी के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। आरओ/एआरओ परीक्षा पहली बार आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर कंट्रोल रूम को सीधे अलर्ट मिल जाएगा और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। परीक्षा कक्ष में अगर कोई अभ्यर्थी उधर-उधर देखना है या धीमे से भी कुछ बोलता है, तो एआई तकनीकी मदद से उसे तुरंत चिह्नित कर लिया जाएगा। सिर्फ अभ्यर्थी ही नहीं बल्कि कक्ष निरीक्षकों पर भी एआई की निगरानी होगी, ताकि किसी भी तरह से गड़बड़ी की कोई आशंका न रह जाए। आरओ/एआरओ के 411 पदों पर भर्ती के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। आयोग को पहली बार इस परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र बनाने पड़े हैं। प्रयागराज में कुल 106 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान प्रवेश/निकास द्वार पर किसी भी तरह की हलचल का पता चलने पर अलर्ट रहेगा। कक्षाओं के अंदर फर्नीचर ठीक से व्यवस्थित न होने पर अलर्ट, कैमरे ऑफलाइन होने या मास्किंग या ब्लैक स्क्रीन द्वारा छेड़छाड़ किये जाने पर अलर्ट, परीक्षा से एक घंटे पहले या बाद में कक्षाओं में किसी भी तरह की हलचल होने पर भी अलर्ट रहेगा। 27 जुलाई को आरओ/एआरओ की भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए रेलवे आठ कोच की मेमू ट्रेन का संचालन बनारस से प्रयागराज जंक्शन होते हुए कानपुर तक करेगा। गाड़ी संख्या 05187 बनारस से 26 जुलाई की शाम 6.00 बजे रवाना होकर रात 8.32 बजे प्रयागराज रामबाग, 8.52 बजे प्रयागराज जंक्शन एवं रात 11.40 बजे कानपुर पहुंचेगी। दूसरी ओर यूपी रोडवेज द्वारा ऑन डिमांड अतिरिक्त बसों का संच. ालन किया जाएगा।

## भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता के सरकार के दावे खोखले: राहुल

# विफलता सिर्फ सड़े हुए सिस्टम का आईना

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ देशभर में लीक हो रहे पेपर माफियाओं पर नकेल कसने में सरकार विफल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में बढ़े स्तर पर पेपर लीक हो रहे हैं और उम्मीदवारों के सैकड़ों किलोमीटर यात्रा कर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने पर परीक्षाएं रद्द होने की सूचना मिलती है जिससे युवाओं में निराशा है, लेकिन मोदी सरकार तंत्र की इस विफलता को तोड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

गांधी ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि मोदी सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन देश भर में बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं हो रही है और सरकार माफियाओं पर नकेल कसने में पूरी तरह से विफल रही है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) फेज़-13 की परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ियां सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मोदी सरकार के विफलता और सड़े हुए सिस्टम का आईना हैं। अभ्यर्थी 400-500 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचता है पता चलता है कि उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सिस्टम की खामियों के कारण लगातार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाएं हो रहे हैं, जिसके कारण लाखों युवाओं और उनके परिवार के लोगों की मेहनत, समय और उम्मीदें बर्बाद हो रही हैं। पिछले 10 साल में नीट, एनईटी, यूपीपीएससी, बीपीएस और बोर्ड परीक्षाओं सहित 80 से ज्यादा पेपर्स में खुलेआम धांधली हुई है। सिर्फ इस साल की धांधली से 85 लाख बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन इन्हें रो. कने में सरकार नाकाम रही है और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा सुधार के बड़े-बड़े उनके वादे खोखले साबित हुए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं सरकार के निकम्मेपन, प्रशासनिक भ्रष्टाचार और परीक्षा माफियाओं के गठजोड़ का नतीजा है। युवाओं के सपनों के साथ यह विश्वासघात बंद होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एक अखबार और समाचार चैनल की खबर को भी पोस्ट किया है, जिसमें पेपर लीक के संकट का विस्तृत विवरण दिया गया है।

### कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के महिला विरोधी विवादित बयान पर भड़की कांग्रेस

**लखनऊ।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महिलाओं को लेकर दिये गये विवादास्पद बयान के बाद लोगों के निशाने पर हैं और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी उन पर आज जमकर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा कि अनिरुद्धाचार्य का महिलाओं के प्रति दिया बयान बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय सेवक संघ को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस ऐसे लोगों का बचाव करती है, जो महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, क्योंकि भाजपा-आरएसएस महिलाओं का सम्मान नही करती, उन्हें महिलाओं का अपमान करने वाले पसंद हैं।

# संवैधानिक हक दिलाने में कांग्रेस विश्वासपात्र नहीं रही: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा ओबीसी वर्ग के हितों को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ओबीसी के हित व संवैधानिक हक दिलाने के मामले में कांग्रेस कभी विश्वासपात्र नही रही है। यह दिल मे कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को अपने सोशल एकाउंट पर एक्स करते हुए लिखा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उनका संवैधानिक हक दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है। यह कोई नई बात नहीं है। बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज़्यादा लगती है। सुश्री मायावती ने कहा कि वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से है जैसा कि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी/एसटी समाज के प्रति रहा है। जिसके चलते इन वर्गों के लोगों को अपने आत्म- सम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी बनानी पड़ी है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82184.17
निफ्टी 25062.10



सोना रु. 98280
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 113400
प्रति किलो



# मुंबई में रोडशो के जरिये योगी सरकार ने दिखाई औद्योगिक ताकत

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश को निवेश और निर्यात के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुंबई में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का जोरदार रोडशो आयोजित किया गया।

देश की आर्थिक राजधानी में आयोजित इस आयोजन के माध्यम से टीम योगी ने महाराष्ट्र के व्यापार जगत, सोर्सिंग एजेंसियों और संस्थागत खरीदारों को न केवल आकर्षित किया, बल्कि उत्तर प्रदेश के साथ औद्योगिक साझेदारी को नया आयाम भी दिया। वालचंद हीरा. चंद हॉल में आयोजित इस रोडशो में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार और देश के प्रमुख उद्योग संगठनों के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस केवल एक व्यापार मेला नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की प्रतिभा और परंपरा का वैश्विक मंच है। ओडीओपी और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाएं प्रदेश के एमएसएमई और कारीगरों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रही हैं। आयुकत उद्योग वी. पांडियन ने बताया कि 25 से 29 सितंबर 2025 तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला यह मेला फूड प्रोसेसिंग, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और ओडीओपी उत्पादों समेत कई क्षेत्रों को जोड़ने वाला बड़ा सोर्सिंग प्लेटफॉर्म होगा। उन्होंने बताया कि विशेष बी2बी बैठकें, अंतरराष्ट्रीय खरीदार प्रतिनिधिमंडल और निर्यात क्लस्टर यूपी की औद्योगिक शकित को दर्शाएंगे। ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि भारतीय कारीगरों के उत्पादों का वैश्विक निर्यात देश की सामाजिक-आर्थिक तरक्की के लिए अत्यंत आवश्यक है। यूपीआईटीएस इसी दिशा में मजबूत कदम है। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, बीएआई और इंडिया एक्सपो मार्ट के प्रतिनिधियों ने यूपी सरकार के इस दूरदर्शी प्रयास की सराहना की और राज्य के साथ मजबूत व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सीईओ सुदीप सरकार ने यूपीआईटीएस 2025 की विस्तारित विशेषताओं, ओडीओपी शोकेस, एमएसएमई पवेलियन, बी2बी ज़ोन और निर्यात क्लस्टर की जानकारी दी।

## सोने -चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव पिछले एक हफ्ते में खूब तेजी से उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। जहां पिछले एक हफ्ते में सोना 1 लाख पार हो गया था, इसी बीच आज सोना 710 रुपए सस्ता हुआ है। आज देश में सोन का दाम 98,280 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। बीते दिन यह 99,030 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं शनिवार को चांदी का भाव 113,400 रुपए प्रति 1 किलो रहा। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के सर्राफा में आज सोने के भाव में 750 रुपए की मंदी दिखी है, तो वहीं चांदी 2,250 रुपए सस्ती हुई है।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी गुणवत्ता से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

## चावल, गेहूं नरम, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल महंगे



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल और गेहूं के भाव टूट गए। चीनी में तेजी रही। दालों में नरमी देखी गई। मूंगफली तेल को छोड़कर अन्य तेलों के दाम बढ़ गये। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 41 रुपये घटकर 3,795.97 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं भी तीन रुपये रुपये टूटकर 2,828.56 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा करीब छह रुपये सस्ता होकर 3,282.98 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। मूंगफली तेल की कीमत 149 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सरसों तेल में 142 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल में 43 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। वनस्पति करीब आठ रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 46 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर रहा। पाम ऑयल में चार रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। दलहन बाजार में मसूर दाल में औसतन आठ रुपये की बढ़त दर्ज की गई रही। चना दाल भी 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। दाल मूंग नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं चीनी छह रुपये प्रति महंगी हुई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रह: दाल-दलहन: दाल चना 7858.38, मसूर काली 8030.88, मूंग दाल 10137.40, उड़द दाल 10466. 24, अरहर दाल 10880.35 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2828.56 रुपये और चावल 3795.97 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4271.36 और गुड़ 4890.58 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17378.72 रुपये, मूंगफली तेल 17579.46 रुपये, सूरजमुखी तेल 15314.85 रुपये, सोया रिफाइंड 13798.52 रुपये, पाम ऑयल 12257.66 रुपये और वनस्पति तेल 14479. 35 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर...**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नहीं, बल्कि निवासी के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि दरियापुर कोर्ट यह सुनिश्चित अखंडता पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन विजय की कड़ी में दुश्मन को करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि हमने शांति को अवसर दिया, पर कायरता का उत्तर केवल पराक्रम से दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प है, संदेश भी और उत्तर भी। पहलगाम हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार भारत ने ठान लिया था कि अबकी बार निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशवा. सियों का अटूट विश्वास और सरकार द्वारा दी गई रणनीतिक स्वतंत्रता से भारतीय सेना ने एक सुनियोजित, सटीक और निर्णायक जवाब दिया। सेना प्रमुख ने कहा कि यह केवल जवाब नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि 7 से 9 मई के बीच की पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाईयों का भारतीय सेना ने नपा-तुला और सटीक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणाली एक अजेय दीवार बनकर सामने खड़ी रही जिसे कोई ड्रोन या मिसाइल नहीं भेद सकी। यह सब संपूर्ण राष्ट्र के एक समान दृष्टिकोण के कारण संभव हो सका जहां सेना, वायु सेना, नौसेना और अन्य सरकारी विभाग मिलकर एक साथ खड़े रहे। इसमें सख्त संदेश दिया गया कि जो भी शक्तियां भारत की संप्रभुता, अखंडता या जनता को क्षति पहुंचाने की योजना बना रही हैं उन्हें करारा जवाब दिया गया है और आगे भी दिया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना तेजी से आधुनिक और भविष्य की शक्ति में बदल रही है इसके अंतर्गत 'रुद्र' के रूप में नई ब्रिगेड का गठन किया जा रहा है जिनमें इन्फेंट्री, मकैनाइज्ड इन्फैंट्री, बख्तरबंद यूनिट, तोपखाना, स्पेशल फोर्स और ड्रोन जैसी लड़ाकू इकाईयों का एकीकरण किया जा रहा है। इन्हें विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक और कॉम्बेट स्पोर्ट से मदद दी जाएगी।

**सरकार और....**

करेगा कि न्याय समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। सीजेआई गवई ने नए लॉ ग्रेजुएट्स को सलाह दी कि वे वकीलों से जुड़े पद और प्रतिष्ठा को अपने दिमाग पर हावी न होने दें। इस दौरान उन्होंने जूनियर वकीलों को सलाह दी कि वे अपना करियर बनाने से पहले प्रशिक्षुता हासिल करें। अगर कोई बिना किसी अनुभव के अदालतों में बहस करना चाहता है और छह महीने में मर्सिडीज या बीएमडब्ल्यू का मालिक बनना चाहता है, तो उसे अपने इरादे समझने की जरूरत है। सीजेआई बोले कि मैंने जूनियर वकीलों को अपने सीनियर को सीट देते हुए देखा है। इसी तरह, एक ऐसा मामला भी आया जब एक जूनियर वकील अदालत में बेहोश हो गया जब उसे जज ने बर्खास्त कर दिया। जज और वकील दोनों बराबर के भागीदार हैं। कुर्सी लोगों की सेवा के लिए होती है और इससे जुड़ी शक्ति को हावी नहीं होने देना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश अपने पिता आरएस गवई की 10वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आरएस गवई केरल और बाद में बिहार के राज्यपाल भी रहे।

# 'घात के विरुद्ध प्रतिघात' भारत का नया नियम: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि भारत कभी भी विस्तारवाद की नीति पर नहीं चला है, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने घात करने वाले पर प्रतिघात का एक नया नियम जरूर बना दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'करगिल दिवस' के उपलक्ष्य में राजधानी मे आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश का कार्यभाल संभाला है, तबसे यह स्पष्ट हो गया है कि उधर से गोली चलेगी, तो इधर से गोला चलेगा। उन्होंने उरी, पुलवामा और पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों और उन पर पीएम मोदी की प्रतिक्रियाओं और भारत की कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विस्तारवादी नहीं है, घात करने वाले पर प्रतिघात अब नया नियम हो गया है। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध के कई शहीदों के परिजन, भूतपूर्व सैनिक, भाजपा के पदा. धिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नड्डा ने करगिल की लड़ाई में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए उस लड़ाई में प्राणोत्सर्ग करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उरी में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के हमले में 18 जवानों की मौत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, पाकिस्तान तुमने बड़ी गलती कर दी है। इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लखनऊ के शहीद स्मृति वाटिका में शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के महान वीर जवानों ने देश को ऐतिहासिक विजय दिलाई थी। आज उनको याद करने का दिन है।

पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। योगी ने कहा कि हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। आज का दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मुनक नहर के किनारे विकसित होगा नया रिवर फ्रंटः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र स्थित पीतमपुरा के विभिन्न ब्लॉकों में जन उपयोगी परियोजनाओं का उद्घाटन और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र से निकलने वाली मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड कॉरिडोर बनना शुरू हो जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा के टीपी ब्लॉक, वीपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक और एचडी ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसकी लागत ६० लाख रुपये है। इसके साथ ही एसपी-१ से एसपी-६५ तक ११ लाख रुपये के बजट से तैयार की गई नई सड़क का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि ९१ लाख रुपये की लागत से एसपी-टीपी की अन्य गलियों के टेंडर भी प्रक्रिया में हैं।इसके बाद मुख्यमंत्री ने वीपी और एफपी ब्लॉकों में ५४ लाख रुपये की लागत से तैयार की गई इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। साथ ही जेपी और केपी ब्लॉक में ३५ लाख रुपये की लागत से तैयार की गई आरएमसी रोड निर्माण कार्य और जेपी ब्लॉक में ६ लाख रुपये की लागत से बच्चों के लिए विकसित किए गए खेल स्टेशन का भी लोकार्पण किया गया। इसके अलावा जेपी, केपी, एमपी, एलपी ब्लॉकों में १.३५ करोड़ रुपये की लागत से आरएमसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। जेडी ब्लॉक में हाई मास्क लाइट भी दो लाख रुपये की लागत से लगाई जा चुकी है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुनक नहर से जुड़ी एलिवेटेड सड़क परियोजना के बारे में भी जानकारी साझा की और बताया यह सड़क इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक बनेगी और आउटर व इनर रिंग रोड के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी।

उन्होंने कहा कि इस रोड के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या बहुत हद तक कम होगी। इस योजना में नहर के दोनों ओर सड़क और ऊपर एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे यह क्षेत्र दिल्ली के सबसे सुंदर इलाकों में गिना जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना कार्य का भी निरीक्षण किया।

## सड़क किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास, मथुरा रोड, बदरपुर बस स्टॉप पर सुबह एक युवक का शव खून से लथपथ हालत में लावारिस हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जानने की कोशिश कर रही है कि उसकी मौत हादसा है या फिर हत्या। मामले में पुलिस घटना की जगह और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर मामले की जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदरपुर पुलिस को सुबह पांच बजकर ५१ मिनट पर एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि बदरपुर बस स्टैंड संख्या ५, ४३३ के पास सडक किनारे एक आदमी बेहोश पड़ा है, जिसके सिर के पिछले हिस्से से खून निकल रहा है।

पुलिस मौके पर पहुंची। युवक बेहोशी की हालत में था,जिसके सिर से खून निकल रहा था। आसपास काफी खून पड़ा था। युवक को तुरंत नजदीक के एम्स ट्रॉमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। क्रॉइम और एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से सबूत इक्ट्ठा किये। मृतक युवक की पहचान बीस साल के मकबुल अमरम के रूप में हुई। वह गली संख्या ४, श्याम कॉलोनी, फरीदाबाद में रहता था। वह मूल रूप से पश्चिम चंपारण, बिहार का रहने वाला था। पुलिस उसके परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। पुलिस जानने की कोशिश कर रही है कि मकबुल घटनास्थल पर क्या कर रहा था। कहां जा रहा था।

# एक करोड़ की फिरौती मांगने वाला धरा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर नवीन बाली के नाम पर धमकी देकर एक कारोबारी से एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले आरोपी को स्पेशल स्टाफ और आदर्श नगर की ज्वाइंट टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनीपत हरियाणा निवासी संजय (५०) के तौर पर हुई है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि २४ जुलाई को शिकायतकर्ता ने थाना आदर्श नगर में आकर बताया कि ३ जुलाई को उसे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से धमकी भरा कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को गैंगस्टर नवीन बाली बताया और १ करोड़ की फिरौती की मांग की। इसके साथ ही चार दिन के भीतर राशि नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शुरू में शिकायतकर्ता ने इसे मजाक समझ कर अनदेखा कर दिया, लेकिन २० जुलाई की रात लगभग ८:२८ बजे उसे फिर से उसी नंबर से एक और धमकी भरा कॉल आया, जिसमें फिरौती की मांग दोहराई गई। बार-बार धमकियों से परेशान होकर और अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले को सुलझाने के लिए आदर्श और स्पेशल स्टाफ की ज्वाइंट टीम बनाई गई। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी हरियाणवी लहजे में बात करता है। तकनीकी निगरानी एवं मैनुअल सूचनाओं की मदद से गांव रामपुर कुंडल, जिला सोनीपत, हरियाणा निवासी संजय की पहचान की गई और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# ओबीसी के लिए दूसरे अंबेडकर साबित होंगे राहुल गांधी : उदित राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए दूसरे अंबेडकर साबित होंगे, अगर वे भागीदारी न्याय सम्मेलन के दौरान उनकी कही बातों पर ध्यान दें।

राज ने राहुल गांधी की तुलना बाबासाहेब अंबेडकर से की और कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को एलओपी के बयानों का समर्थन करना चाहिए। राज ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि तेलंगाना में जाति जनगणना समाज का एक्स-रे है।राहुल गांधी इसे पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। उनके विचार दूरदर्शी हैं। अगर दलित और पिछड़े वर्ग आगे आते हैं, तो हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। समाज में व्याप्त असमानता कम होगी। अगर ओबीसी राहुल गांधी की बातों को समझेंगे, तो वह उनके लिए दूसरे अंबेडकर साबित होंगे। ओबीसी को यह सोचना होगा कि इतिहास बार-बार प्रगति के अवसर नहीं देता। उन्हें तालकटोरा स्टेडियम सम्मेलन में राहुल गांधी की बातों का पालन और समर्थन करना चाहिए। अगर वे ऐसा करते हैं, तो राहुल गांधी उनके लिए दूसरे अंबेडकर साबित होंगे।ष्शुक्रवार को राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि यूपीए सरकार के दौरान जाति जनगणना न कराना एक गलती थी और कहा कि वह इसे सुधारने के लिए दृढ़ हैं। उिन्होंने कहा कि वह पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के मुद्दों को समझने में विफल रहे, जबकि दलितों, आदिवा. सियों और महिलाओं के मुद्दों पर उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने सराहनीय काम किया था।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्रमें जन उपयोगी परियोजनाओं का उद्घाटन और विकास कार्यों का अधिकारियों संग निरीक्षण करते हुए।

## एक नजर

### आप ने बनाई संगठन को मजबूत करने की रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की हार के बाद अब आप ने कई राज्यों में संगठन को मजबूत करने और प्रचार में तेजी लाने की रणनीति बनाई है। सभी राज्यों के प्रभारियों को सक्रियता बढ़ाने को कहा गया है। राष्ट्रीय स्तर के साथ ही राज्यों में होने वाली बड़ी घटनाओं पर नजर रखने और राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। महत्वपूर्ण राजनीतिक आयोजनों में पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल सहित पार्टी के बड़े नेता वहां पहुंचेंगे।

### स्लॉटर हाउस की कार्यशैली पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** मारिया फ्रोजन स्लॉटर हाउस बरेली को नगर निगम ने रोजाना 300 भैंसों के कटान की अनुमति दी है, लेकिन वहां हर दिन तय संख्या से अधिक भैंसों का अवैध रूप से कटान किया जा रहा है। यह केवल एक नियम उल्लंघन नहीं,बल्कि मिलीभगत का मामला बन गया है। फूड सेफ्टी कमिश्नर अनीता सिंह ने 10 नवंबर 2024 की कार्यवाही में माना कि मारिया कंपनी तय संख्या से चार गुना ज्यादा कटान कर रही है। इनकम टैक्स विभाग की जांच में भी यह बात सामने आई। उन्होंने माना 300 की जगह रोज 1100 से 1300 जानवरों का कटान हुआ। पर्यावरणविद शैलेश सिंह ने मारिया कंपनी की गैरकानूनी गतिविधियों, नियमों के उल्लंघन और मनमानी करने के खिलाफ एनजीटी में केस दायर किया है जिस पर 19 अगस्त 2025 को सुनवाई होनी है। इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिंह ने नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखकर मांग किया की आयकर विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मारिया कंपनी पर एफआईआर दर्ज की जाए।

### कारगिल विजय दिवस की फौजियों को मुबारकबादः खोसला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर के संयोजक और भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने आज कारगिल युद्ध विजय दिवस पर भारतीय सेवा को दी मुबारकबाद कारगिल युद्ध विजय फौजियों के जज्बे की वजह से हुई क्योंकि सरकार और अधिकारी तो फौजियों को कहते रहे कि अभी इंतजार करो और फौजी भेज रहे हैं मगर फौजियों ने अपने जज्बे की खातिर कारगिल विजय प्राप्त की तकरीबन 527 फौजियों ने अपनी जान कुर्बान कर शहीद हो गए और 1367 गंभीर रूप से घायल हुए सलाम है फौजियों को फौजी अपनी जान कुर्बान करता है 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास को देखकर क्योंकि वह सब अपने घरों में सोते रहते हैं और फौजी सरहद पर रक्षा करता रहता है राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त करनल तेजिंदर पाल त्यागी जी ने आज वैशाली में कारगिल चौक का उद्घाटन किया जिसमें क्षेत्रीय पार्षद, पूर्व मेयर साहिब और तेलंगाना सरकार के सलाहकार राजन छिब्बर ने हिस्सा लिया ।

### तीज महोत्सव मनाया

**नई दिल्ली।** श्री राम मंदिर, आनंद विहार, दिल्ली में अमला एस्पायरिंग आर्ट्स द्वारा आयोजित तीज महोत्सव सिंदूर उत्सव एक अद्वितीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण मनाया गया। यह उत्सव केवल एक पारंपरिक पर्व का आयोजन नहीं था, बल्कि नारी सशक्तिकरण, सनातन मूल्यों और भारतीय सौंदर्यबोध का जीवंत प्रदर्शन था। कार्यक्रम का नेतृत्व और संकल्पना- सुषमा गर्ग जी, अध्यक्ष -अमला एस्पायरिंग आर्ट्स, और गुंजन गुप्ता संरक्षक, संस्थापक - अमला एनजीओ और आयोजन समिति की पूरी टीम ने अत्यंत कुशलता व समर्पण के साथ किया। इन दोनों व्यक्तित्वों की सूझ-बूझ और गरिमा ने इस आयोजन को भव्यता के शिखर तक पहुंचाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नूपुर शर्मा ने तीज महोत्सव की संस्कृतिक महत्वता और इसकी सनातन धर्म से जुड़ी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे हर और हरि के शाश्वत प्रेम का प्रतीक बताया ।





# कारगिल विजय दिवस पर निकाली मशाल रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा के पावन नेतृत्व में निकाली गई भव्य एवं विशाल मशाल रैली जो कि कृष्णा नगर विधानसभा अंतर्गत श्री हनुमान चौक, छाछी बिल्डिंग, मैन लाल क्वाटर मार्किट से होते हुए घोंडली गांव चौक तक निकाली गई। सबसे पहले सभी सेना के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनकी याद और सम्मान में दीपक प्रज्वलित किया गया।

रैली में सैकड़ों लोगों ने मशाल जला कर, महिलाओं ने तिरंगा झंडा हाथों में लेकर और समस्त मार्केट एसोसिएशन पदाधिकारी व दुकानदारों ने मिलकर भारी पुष्प वर्षा कर रैली का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। सबसे आगे डीजे पर देश भक्ति के गाने चल रहे थे तत्पश्चात् सभी पंक्तिबद्ध होकर इक विशाल रैली का समूह देखते ही बनता था। भारत माता की जय, वन्दे मातरम्, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से कृष्णा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम में भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, भाजपा जिला प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी अशोक ठाकुर, कृष्णा नगर विधायक डॉ अनिल गोयल व शाहदरा विधायक संजय गोयल, जिला महामंत्री गीता शर्मा व रमेश गुप्ता, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, जिला उपाध्यक्ष विजय शर्मा, भूषण ठक्कर, निगम पार्षद प्रिया कांबोज, नीमा भगत, संदीप कपूर, मीनाक्षी शर्मा व राजू साई, मण्डल अध्यक्ष पूजा चौरसिया, संजीत कपूर, संजय शर्मा, कपिल राणा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अपर्णा गोयल, किरण तिवारी, डिंपल खन्ना सहित मार्केट महासचिव सुनील खन्ना सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय जनता ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा शाहद. रा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस हमारे वीर जवानों की अदम्य साहस और शौर्य की गौरवगाथा है।आज का दिन 26जुलाई 1999 का वह दिन याद दिलाता है जब पाकिस्तानी सेना नापाक इरादे लेकर भारतीय सीमा में दाखघ्लि हुई थी,और हमारे जवानों ने उस मुश्किल घड़ी में पाकिस्तानी सेना को करारा जवाब देते हुए उन्हें पीछे खदेड़ दिया। श्री गाबा ने कारगिल में कहा कि हमने केवल युद्ध नहीं जीता था, हमने 'सत्य, संयम और सामर्थ्य' का अद्भुत परिचय दिया था। देश के विभिन्न प्रांतों के सैनिकों के साथ हिमाचल के जवानों ने भी इस कारगिल युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और माँ भारती की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

विधायक डॉ अनिल गोयल ने बताया इस लड़ाई में हिमाचल के अमर सपूत परम वीर चक्र विजेता स्व.कैप्टन विक्रम बत्रा और संजय कुमार ने अद्भुत पराक्रम का परिचय देते हुए देश और दुनिया में वीरभूमि हिमाचल प्रदेश और भारतवर्ष का मान बढ़ाया।

# कूड़े के ढेर में शव छिपाने वाला बिहार से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुंडका इलाके में शक होने पर एक युवक की पीट पीटकर हत्या करके कूड़े के ढेर के नीचे छुपाने वाले एक हत्यारे विशाल को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले छह महीने से ज्यादा से पुलिस को चकमा दे रहा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर योगश और विनोद यादव के निर्देशन में पुलिस टीम ने विशाल को औद्योगिक क्षेत्र, कुमारबाग, बेतिया, बिहार से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि बीते ११ जनवरी को आरोपी विशाल को शक था कि बाबा हरिदास कॉलोनी निवासी कौशल किशोर ने उसका मोबाइल फोन और पर्स चुरा लिया है।

बदले में, विशाल ने अपने साथियों संदीप, सुमित और मनोज उर्फ भोला के साथ मिलकर कौशल को पकड़ लिया और सामान वापस पाने के लिए उसे क्रूर शारीरिक यातनाएँ दीं। पिटाई के दौरान लगी चोटों के कारण कौशल की मौत हो गई। अपराध छिपाने के लिए, आरोपियों ने पीड़ित के शव को बाबा हरिदास कॉलोनी स्थित चारा मंडी के पास कूड़े के ढेर के नीचे छिपा दिया और घटनास्थल से फरार हो गए।





कारगिल विजय दिवस पर भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा के नेतृत्व में मशाल रैली कृष्णा नगर विधानसभा में निकाली गई।


# शराब की पार्टी के बीच विवाद जब तक मरा नहीं, तब तक चाकू मारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में बीती रात शराब पीते वक्त दोस्तों से हुए किसी बात को लेकर विवाद में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। जिसमें कुछ संदिग्ध लडके दिखाई दे रहे हैं। जिनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान नांगल ठाकरान के रहने वाले मोहित के रूप में हुई है। वह ड्राइविंग का काम करता था। उसके माता पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। बीती रात बवाना पुलिस को नांगल ठाकरान स्थित कमरे में मोहित के खून से लथपथ हालत में पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे में मोहित का शव पड़ा था। जिसके शरीर पर चाकू के आधा दर्जन से ज्यादा निशान थे। पुलिस ने शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। कमरे में शराब की बोतलें और गिलास व अन्य सामान रखा हुआ था। पुलिस ने क्रॉइम और एफएसएल टीम की सहायता से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास के लागों से पता चला कि रात को मोहित और उसके दोस्तों ने पार्टी की थी। उसी वक्त वारदात हुई। वारदात के पीछे मोहित के जानकार ही रहे होगें। जिनकी तलाश में पुलिस अब छापेमारी कर रही है। जिस तरह से मोहित की हत्या की है। उससे लगता है कि आरोपी का क्रिमिनल बैकग्राउंड रहा होगा।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# कामकाजी महिलाओं को मजबूत बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उदैति फाउंडेशन और क्वेस कॉर्प लिमिटेड ने एक रिपोर्ट और नीति सुझाव जारी किया है जिसका नाम है "स्टेट ऑफ विमेन इन द ब्लू-ग्रे कॉलर वर्कफोर्स 2025। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में जो महिलाएं ब्लू-ग्रे कॉलर नौकरियों (जैसे- रिटेल, फैक्ट्री, बैंकिंग और सर्विस सेक्टर) में काम करती हैं, उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और इन समस्याओं को दूर करने के लिए नीति में बदलाव की जरूरत है।

क्वेस कॉर्प के सीईओ एवं ईडी गुरुप्रसाद श्रीनिवासन ने कहा "क्वेस में, हम अपने ग्राहकों, सरकार और नागरिक समाज के साथ मिलकर ऐसे समाधान विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यह सुनिश्चित करें कि महिलाएं न केवल वर्कफोर्स अर्थात कार्यबल में प्रवेश करें, बल्कि उसमें आगे भी बढ़ें और उन्नति करें। यह न केवल एक सामाजिक अनिवार्यता है, बल्कि एक उत्पादक, प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए भी आवश्यक है। यह रिपोर्ट न केवल बाधाओं की पहचान करती है, बल्कि यह भी बताती है कि हम सभी सामूहिक रूप से चुनौतियों का सामना कैसे कर सकते हैं। स्टाफिंग उद्योग महिलाओं को औपचारिक रोजगार में शामिल होने के रास्ते उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अब हमें एक मजबूत तथा लैंगिक रूप से संवेदनशील प्रतिधारण रणनीतियाँ विक. सित करने की जरूरत है जो ग्रे एवं ब्लू कॉलर वाली महिला कार्यबल को आगे बढ़ने में सक्षम बनाएँ।

इस मौके पर दिल्ली में काम से कामयाबीः ब्लू-ग्रे कॉलर नौकरियों में महिलाओं को सशक्त बनाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सरकार और उद्योग जगत के कई बड़े अधिकारी, जैसे श्रम मंत्रालय की सचिव वंदना गुरनानी, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, और एक्सिस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी राजकमल वेंपति सम्मिलित हुए।

## 14 साल के किशोर के साथ कुकर्म, चाकू से 24 वार किए

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली में एक नाबालिग लड़के का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुकर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें छह नाबालिग हैं। आरो. पियों ने मुखबिरी के शक में लड़के का अपहरण किया और उसकी हत्या कर दी।

# स्मृति ईरानी और एकता कपूर लेंगी नाथद्वारा मंदिर में आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का नया सीजन अब टेलीविजन पर लौटने को तैयार है और जैसे ही इसका प्रोमो आया, फैन्स की एक्साइटमेंट एकदम अलग ही लेवल पर पहुंच गई। तुलसी के किरदार में स्मृति ईरानी को देखकर लोगों की यादें ताजा हो गईं।

प्रोमो में दिखा इमोशन और परिवार की जड़ से जुड़ी भावनाएं, शो की वापसी का माहौल बना चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी अब इसका जबरदस्त प्रमोशन शुरू हो चुका है और हर दिन इसके नए सीजन को लेकर चर्चा और बढ़ रही है। इसी के तहत अब शो से जुड़ी एक खास बात सामने आई है। 27 जुलाई को शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर और तुलसी यानी स्मृति ईरानी राजस्थान के उदयपुर के पास स्थित प्रसिद्ध नाथद्वारा मंदिर जाएंगी।

शो की रिलीज से पहले मंदिर जाकर आशीर्वाद लेना, एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। नाथद्वारा मंदिर अपनी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, और वहां की ये यात्रा फैन्स के लिए भी एक इमा. शनल मोमेंट हो सकती है।' क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि एक इमोशन बन चुका है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय व प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, भैंसवाल रोड शामली का औचक निरीक्षण किया मौके पर आवश्यक व्यवस्थाओं देखते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने विद्यालय में मेस का निरीक्षण कर भोजनालय आदि की व्यवस्था को देखते हुए फूड सेफ्टी विभाग को खाने की चीजों के सैंपल लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला. धिकारी विद्यालय में अन्य व्यवस्थाओं को देखते हुए प्रभारी प्राचार्य को सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों सहित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शलभ मित्तल, अध्यापक के रूप में अरुण कुमार सिंहआदि मौजूद रहें।



शामली। प्राथमिक विद्यालय में बच्चे के साथ खेलते डीएम।



शामली। विद्यालय में रसोई आदि का निरीक्षण करते हुए।

**शामली।** जिलाधिकारी, शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा आज बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु प्रेरणा निरीक्षण ऐप के माध्यम से जनपद के विकास क्षेत्र-शामली के 2 विद्यालयों उच्च प्राथमिक विद्यालय लिलौन व प्राथमिक विद्यालय लिलौन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय लिलौन का निरीक्षण किया गया।सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय लिलौन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को विद्यालय में 1 ई.प्र.अ., 4 सहायक अध्यापिका एवं 1 अनुदेशक कार्यरत मिले, जिनके सापेक्ष 01 सहायक अध्यापिका बल्यकाल आवकाश पर, एवं 1 सहायक अध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर थी अन्य समस्त अध्यापक उपस्थित मिले। विद्यालय में नांमाकित कुल 143 छात्र-छात्राएं के सापेक्ष 110 छात्रध्छात्रांए उपस्थित मिले। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा कक्षा-कक्षों में जाकर बच्चों से संवाद किया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर एव गणित के सवाल कराकर देखा गया। विद्यालय में पढाई का स्तर संतोषजनक मिला।

अध्यापकों को कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में मेन्यू के अनुसार सब्जी-चावल का वितरण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को कक्षा-6-व कक्षा-8 में साफ-सफाई, लाईट एवं वेन्टीलेशन की व्यवस्था ठीक नहीं मिली। कक्षाओं में डेस्क-बेंचों के नीचे गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्ति की गई तथा इन व्यवस्थाओं को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित ई.प्र.अ. के खिलाफ कार्रवाई हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। कक्षा-6 में जिलाधिकारी द्वारा स्वयं अपने हाथों से जमीन पर पड़े समान के खाली पैकेट को उठाकर डस्टबिन में डाला गया और निर्देशित किया कि बच्चों को बताया जाए कि कूड़ा डस्टबिन में डाला जाता है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के साथ बैडमिंटन भी खेला गया।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिक. ारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय लिलौन निरीक्षण किया जहां विद्यालय के बाहर डीएम को गन्दगी एवं स्कूल प्रांगण में लगे हैंडपंप के पास साफ-सफाई एवं नहीं दिखी जिस हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी को विद्यालय में 1 प्र.अ., 4 सहायक अध्यापक एवं 1 शिक्षामित्र कार्यरत मिले जिनके सापेक्ष सभी उपस्थित मिले।

विद्यालय में कुल 164 छात्र-छात्राएं नांमाकित मिले जिसके सापेक्ष 126 छात्रध्छात्रांए उपस्थित मिलें। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा कक्षा-कक्षों में जाकर बच्चों से संवाद किया गया तथा बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर एव गणित के सवाल कराकर देखा गया। विद्यालय में पढाई का स्तर संतोषजनक मिला।अध्यापकों को कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कुछ छात्रध्छात्राएं विद्यालय यूनिफार्म पहले नहीं थे, उन बच्चों को विद्यालय यूनफार्म में आने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में मेन्यू के अनुसार सब्जी-चावल का वितरण किया गया। संबंधित प्र.अ. के विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय लता राठौर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शामली एवं जितेन्द्र कुमार, जिला समन्वयक (एम.डी.एम.) भी उपस्थित रहे।

## ट्यूबवेलों की दीवारें तोड़ कर लाखों का सामान साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव दथेड़ा में चोरों ने एक ही रात में कई किसानों के ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए केबिल और कटआउट चोरी कर लिए। चोरों ने ट्यूबवेल की दीवारें तोड़कर भीतर रखा कीमती सामान उड़ा लिया।

गांव के किसानों विपिन, धरमबीर, जसबीर, करम सिंह, जानू, विनोद, रमेश और विक्की ने बताया कि चोरों ने रात के अंधेरे में सुनसान खेतों में बने ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। दीवारें फाड़ दी गईं और अंदर से कटआउट व केबिल चोरी कर लिए गए। चोरी की यह वारदात इतनी सुनियोजित थी कि किसी को भनक तक नहीं लगी।

पीड़ित किसानों ने बताया कि चोरी में एक लाख रूपए से अधिक का सामन गया है, जिससे उन्हें भारी



आर्थिक नुकसान हुआ है। सभी किसानों ने एकजुट होकर चौसाना पुलिस को तहरीर दी और मांग की कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़ा जाए और उनका नुकसान भरपाई हो।

वहीं चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों से तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही कार्रवाई कर आरो. पियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## समाधान दिवस में चार का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के थाना प्रांगण में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनता की विभिन्न प्रकार की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया गया। इस अवसर पर कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें चक रोड, डोल, बटवारा आदि से संबंधित विवाद शामिल थे।

थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्राप्त पांच शिकायतों में से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि एक मामले में गहन जांच हेतु संबंधित लेखपाल को स्थल पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है समाधान दिवस में पहुंची पिंकी पत्नी स्वर्गीय सुंदर श्याम निवासी मुल्लापुर ने बताया कि उनकी जमीन का बटवारा वर्षों पहले हो चुका था उनके परिवार के ही दीपक फौजी और कुलदीप ने उनकी जमीन का जबरदस्ती कुछ हिस्सा दबा रखा है अपनी जमीन वापसी मांगने पर उनके द्वारा उसके बच्चों के साथ कई बार मारपीट की जा चुकी है थाने में तहरीर देने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई ग्राम प्रधान की मौजूदगी में गांव की जिम्मेदार लोगों ने उनका बंटवारा कराकर निशान दे निशान देही करवा कर खंब गढ़वा दिएथे उसके बावजूद भी उन लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर रखा है और धमकी देते हैं अगर जमीन में घुसे तो तुम्हारा इलाज कर दें पिंकी ने समाधान दिवस में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लेखपाल तथा हल्का उप निरीक्षक को को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए

समाधान दिवस में थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत, क्राइम इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, उप निरीक्षक इंदर सेन, उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार, राजेंद्र मलिक सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

## बादल गौतम बने गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश मंत्री

**शामली।** गुरु रविदास विश्व महापीठ द्वारा एक अहम निर्णय लेते हुए शामली निवासी बादल गौतम को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें महापीठ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय महामंत्री बृजेश निम्मी तथा राष्ट्रीय मंत्री धर्म सिंह जाटव द्वारा प्रदान की गई। शनिवार को शामली पहुंचने पर बादल गौतम का समाज के लोगों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया, और अब संगठन के माध्यम से प्रदेशभर में समाजहित में कार्य करेंगे और समाज को एकजुट करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। जिसका निर्वहन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किशन लाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष स्वतंत्र सिसोदिया, भाजपा एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष गरीब दास, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ। रवि प्रकाश, नवनीत नीमकी सहित समाज के कई जिम्मेदार व सम्मानित लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने बादल गौतम को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे समाज के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करेंगे तथा प्रदेश में गुरु रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## एक नजर

### थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों का किया अनुश्रवण एवं अधिकारियों को दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा द्वारा आज थाना आदर्श मंडी शामली में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी,पुलिस विभाग आदि शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया। आयोजित समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा थाना आदर्श मंडी का निरीक्षण करते हुए महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी गण के आवास,हवालात आदि का निरीक्षण करते हुए लंबे समय से खड़े वाहनों में भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश देते हुए थाना कैंपस में प्रॉपर साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिक. ारी द्वारा अपराध रजिस्टर का भी निरीक्षण किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न अपराधों में की गई कार्यवाही के बारे में महोदय को अवगत कराया।इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा थाना प्रांगण में बनी ओपन जिम का भी निरीक्षण किया।इस अवसर पर थाना प्रभारी आदर्श मंडी राजेंद्र गिरी सहित आदि संबंधित मौजूद रहें।

### यूपी टी-20 लीग में शामली के विनय कुमार बने नोएडा किंग्स के मैनेजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** जनपद के । आगामी यूपी टी-20 लीग सीजन में नोएडा किंग्स टीम नेजनपद के नया गांव निवासी विनय कुमार को टीम मैनेजर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से न केवल शामली, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को गौरव की अनुभूति हुई है। शामली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कोऑर्डिनेटर के रूप में वर्षों से कार्य कर रहे विनय कुमार पूर्व में यूपी रणजी ट्रॉफी और मेरठ मावेरिक्स जैसी नामचीन टीमों के साथ सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी प्रबंधन क्षमता, अनुशासन और खिलाड़ियों से सामंजस्य की कला को देखते हुए नोएडा टीम ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद विनय कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक मोहम्मद अकरम सैफी और एसडीसीए (डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन) को दिया। उन्होंने कहा, कि मैं जो कुछ भी हूं, उसका पूरा श्रेय अकरम सैफी सर को जाता है। उन्होंने हर मोड़ पर मुझे मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। उनके सहयोग के बिना यह मुकाम संभव नहीं था। विनय कुमार ने कहा कि एसडीसीए के साथ वर्षों पुराने जुड़ाव ने उन्हें क्रिकेट प्रशासन की गहराई से समझ दी। वहीं, अकरम सैफी ने हमेशा अभिभावक की भूमिका निभाते हुए उनका मार्गदर्शन किया। उनकी नियुक्ति पर सहारनपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव लतीफुर्रहमान, सूर्यवीर सिंह, जवाहर तोमर, हरेन्द्र तोमर, विवेक मलिक, नागेंद्र खैवाल, रोकी देशवाल, आजम खघन, अनुभव वालिया, विकेन्द्र निर्वाल, सन्नी धीमान, रवि, फर्मान और सादिक सहित जिले के अनेक क्रिकेट प्रेमियों ने बधाई दी है।

### पीडीए को संगठित कर अखिलेश यादव ने जिताई 43 सीटें-अशफाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश भर में मनाए जा रहे आरक्षण दिवस व संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस के क्रम में समाजवादी पार्टी शामली ने कैम्प जिला कार्यालय में आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए को संगठित कर संविधान बचाओ के नारे के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 43 सीटें जिताकर संविधान व आरक्षण बचाने का काम किया है। कहा कि संविधान एवं आरक्षण भाजपा के निशाने पर है। लोकसभा चुनावों मे 400 पार का नारा उन्होंने संविधान बदलने के लिए ही लगाया था। उप्र की महान जनता ने समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को 43 लोकसभा सीटों पर जीत दिला कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि संविधान ने जहॉ एक और सभी को समानता व वोट का अधिकार दिया है वहीं दूसरी और आरक्षण देकर अनुसूि. चत जाति, अनुसूचित जन जाति व पिछड़ो को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण दिया है। इस दौरान सभी को संविधान की पुस्तिका भेट की गई। कार्यक्रम को अर्चना चौधरी, जावेद जंग, अरविंद झंझोट, राशिद पहलवान, विपुल गोयल, संजीव, डा। अनुज जावला, मांगेराम सिलावर, सलेक चंद, राव तफरूज, तासीन मंसूरी, कर्मवीर कसेरवा आदि मौजूद रहे।

# आरक्षण दिवस पर सपा ने किया कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश के अनुसार आज मेरठ करनाल हाइवे पर स्थित एक रिसोर्ट में संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि कैराना विधानसभा से विधायक नाहिद हसन मौजूद रहे। आरक्षण दिवस 26 जुलाई को सपा प्रदेश भर में संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मना रहीं हैं। वर्ष 1902 में कोल्हापुर राज्य के तत्कालीन शासक छत्रपति शाहूजी महाराज ने सामाजिक न्याय की भावना को इस दिन ही अमल में लाते हुए शासन प्रशासन में पिछड़ों को 50: आरक्षण





लागू किया था। इस ऐतिहासिक दिन को ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछले वर्ष 2024 में प्रदेश में सभी कार्यालय में संविधान मान स्तंभ की स्थापना के निर्देश दिए थे यह स्तंभ पीएफ के प्रकाश स्तंभ के रूप में प्रेरणा प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन कलीम आसान जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी व अध्यक्षता शेर सिंह राणा पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने की इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजीम खान मास्टर शमशेर चौधरी सरदार भगवान सिंह सरदार जोगिंदर सिंह सरदार रोम सिंह सरदार सर्बन सिंह सरदार मास्टर अजेब सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ठगी की गई 99 हजार की रकम वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 20.6.2025 को आवेदिक रोबिन मलिक पुत्र मदनपाल निवासी हाथीकरौदा थाना बाबरी जनपद शामली के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर धनराशि की ठगी की गई थी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के निर्देशन में साइबर सेल शामली व साइबर हैल्प डैस्क थाना बाबरी द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मर्चेन्ट नेवी में नौकरी लगवाने का झांझा देकर ठगी की गई 99,000/-रुपए की धनराशि वापसी कराई गई है। आवेदिक रो. बिन के द्वारा मान पुलिस अधीक्षक शामली, साइबर सेल शामली व साइबर हैल्प डैस्क थाना बाबरी का आभार व्यक्त किया गया है।

## जहरीले पदार्थ से विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** टोडा गांव में शनिवार की सुबह ग्यारह बजे दंपत्ति के बीच चले आ रहे विवाद में पति ने जहर देकर अपनी पत्नी की जान ले ली। मायके पक्ष की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जानकारी जुटाई। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर तथ्य संक. लित किए।थाना प्रभारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव टोडा में एक 32 वर्षीय नेहा नाम की महिला की जहर देने से मौत हो गई ।हत्या का आरोप विवाहिता के पति दिनेश पर लगा है। बताया जाता है की आठ माह पूर्व दिनेश ने मृतका नेहा के भाई एवं अपने रिश्ते में साले की हत्या की योजना बनाई थी और सुपारी तक दे दी थीं।जिसकी जानकारी नेहा को लग गई। नेहा ने अपने पिता को इसके बारे में अवगत कराया ।इसके बाद दोनों दंपति के बीच में विवाद शुरू हो गया।

कई महीनो से चले आ रहे हैं विवाद के बीच समाज के लोगों ने पंचायत कर फैसला कर दिया ।करीब 8 दिन पूर्व नेहा अपने ससुराल टोड़ा में आई थी ।मृतका नेहा के पिता भूपेंद्र सिंह का दावा है कि बीती रात दिनेश ने नेहा के साथ मारपीट की इसके बाद हम लोग मौके पर आए थे और अपनी बेटी को साथ ले जाने वाले थे ,लेकिन गांव के लोगों की मान मनव्वल के बाद हम उसे अपने साथ ना ले जा सके ।शनिवार सुबह ग्यारह बजे दिनेश ने जबरन नेहा को जहरीला पदार्थ खिलाया ।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की बेटी युवी दस वर्षीय ने पुलिस को अपने ही पिता के खिलाफ बयान दर्ज कराए हैं वो कहती रही मेरे पिताजी ने ही जबरन मेरी मां को पुड़िया में जहर लाकर दिया।

पुलिस ने लोगों से जानकारी जुटाने के बाद उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया ।सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची एवं घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए गए ।वहीं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र शर्मा व चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल का निरीक्षण किया ।पुलिस की एक टीम ने शवका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बाथरूम में कपड़े धोने के लिए गई महिला को अचानक सांप ने डस लिया, जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। महिला को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है।

कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी सुमै"या पत्नी मोहसीन शनिवार को कपड़े धोने के लिए घर में स्थित बाथरूम में गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद सांप ने अचानक महिला के बांए हाथ पर डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे उपचार देने के पश्चात जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं, डड्ूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ। विकास चंद ने बताया कि सर्प दंश से पीड़ित एक गर्भवती महिला को सीएचसी पर लाया गया था। महिला का ब्लड सैंपल लेकर जांच की गई। इसके पश्चात, महिला को उचित उपचार देकर जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हालांकि महिला की हालत सामान्य है।

# डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक का प्रेजेंटेशन आशुतोष कुमार वास्तव जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया गया।बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन विभागीय कार्यक्रमों में प्रगति खराब पाई गई उसमें सुधार करने के कड़े निर्देश संबंधित को दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 1 से 31 जुलाई 2025 चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गई गति. विधियों की समीक्षा करते हुए जिस स्तर पर भी कमी है उसमें सुधार के





निर्देश दिए। बैठक में नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुए वेब फैमिली के कन्वर्जन को लेकर थानाभवन व कैराना के चिकित्सा अधीक्षक से नाराजगी व्यक्त करते हुए वेब परिवारों का अधिक से अधिक कन्वर्जन किए जाने के निर्देश दिए तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ करन चौधरी को कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए प्रत्येक बुधवार व शनिवार को सुपरवाइजर की समीक्षा के निर्देश दिए कि कितने वेब कन्वर्जन हुए हैं। यदि नहीं हुए है उनके कारणों से अवगत कराया जाए। साथ ही लापरवाही को लेकर कैराना MOIC का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने वीएचएनडी सत्रों पर आईसीडीएस विभाग की तरफ से लॉजिस्टिक उपलब्ध करने हेतु डीपीओ को निर्देशित किया। जनपद में झिंझाना और कुड़ाना पर कोल्ड चौन को एक सप्ताह के अंदर क्रियाशील करने हेतु जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया। समीक्षा में एचबीएनसी की विजिट करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

बैठक में आगामी एनडीडीद्ध राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसऋ कार्यक्रम पर अर्न्तविभागीय अधिका. रियों को माइक्रो प्लानिंग के साथ कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने HRP का फॉलो-अप तब तक करने के निर्देश दिए जब तक महिला HRP से बाहर ना आ जाए। बैठक में डीएम ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए पोषण पोटली आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने CHO की प्रतिदिन उपस्थिति की जांच करते हुए लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले CHO की सूची आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान की प्रगति जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम आदि की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहूजा, एसीएमओ अश्वनी शर्मा, अतुल बंसल, डॉ करन चौधरी डीआईओ, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द,डी पी ओ आईसीडीएस, समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं डीपीएम आशुतोष, डीसीपीएम फहीम अहमद अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षा के बीच समीक्षा अधिकारी की परीक्षा होगी आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के दो शिक्षण संस्थानों में सोमवार को समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसकी तैयारी को लेकर उच्चाधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को परखा। दो परीक्षा केंद्रों पर 960 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर एक-एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कालेज एवं मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित सैंट आर सी कांवेंट स्कूल में सोमवार को समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को लेकर एसडीएम ऊन संदीप कुमार त्रिपाठी एवं तहसीलदार गौरव सांगवान तथा कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। एक परीक्षा केंद्र पर 480 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। एसडीएम ऊन ने बताया कि एंट्री सुबह 8 बजे से 8:45 बजे तक होगी।परीक्षा 9।30 बजे शुरू होकर 11:30 बजे समाप्त होगी। परीक्षा केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

# नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह के पांच पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल की ट्रांस यमुना रेंज ने हथियार और जाली नोटों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना और एक महिला समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से १० पिस्तौल, ६८ कारतूस और ४,१०,००० रुपये के जाली नोट बरामद किए हैं। इसके अलावा एक बुलेट प्रूफ एसयूवी स्कॉर्पियो सहित तीन कारें भी जब्त की हैं।

आरोपियों की पहचान मथुरा निवासी रवि ठाकुर, गुरुग्राम निवासी योगेश फोगट व कुलदीप उर्फ छोटू, मथुरा निवासी मीरा और फिरोजाबाद निवासी समसू खान उर्फ रेहान के रूप में हुई है। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि सेल की टीम ने ६ जुलाई को एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए हथियार तस्कर रवि ठाकुर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से .३२ बोर की ५ अवैध अत्याधुनिक अर्ध-स्वचालित पिस्तौलें और १० कारतूस बरामद किए। आरोपी रवि ठाकुर की निशानदेही पर हथियारों को लेने वाले योगेश फोगट को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी योगेश फोगट की निशानदेही पर हथियारों के अगले प्राप्तकर्ता कुलदीप उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। कुलदीप उर्फ छोटू ने योगेश फोगट से पिस्तौलें खरीदी थीं और उन्हें दिल्ली और हरियाणा के स्थानीय अपराधियों को सप्लाई किया था।

कुलदीप उर्फ छोटू की निशानदेही पर उसकी कार से एक अवैध पिस्तौल और ३५ कारतूस भी बरामद किए गए। कार (स्कॉर्पियो) की जांच करने पर वह बुलेट प्रूफ पाई गई। गोहाना, हरियाणा में पैदा हुआ कुलदीप उर्फ छोटू का २०१४ में भारतीय रेलवे के ग्रुप डी में चयन हुआ था और उसने अंबाला कैंट में नौकरी शुरू की।

उसने २०२२ में एक स्कॉर्पियो कार खरीदी और उसे बुलेट प्रूफ करवाया। जनवरी २०२३ में वह मुरथल और गोहाना, सोनीपत, हरियाणा में अवैध हथियारों की सप्लाई करते हुए दो बार पकड़ा गया। जेल से रिहा होने के बाद फिर से हथियारों की तस्करी में शामिल हो गया। वहीं, गिरोह की एक और हथियार तस्कर मीरा पत्नी मुकेश को २४ जुलाई को गिरफ्तार किया गया और उसकी निशानदेही पर मथुरा स्थित उसके आवास से .३२ बोर के ५ कारतूस बरामद किए गए। आरोपी मीरा की निशानदेही पर गिरोह के सरगना समसू उर्फ रेहान को फिरोजाबाद की स्थानीय पुलिस की सहायता से २५ जुलाई को गिरफ्तार किया गया। उसके आवास की तलाशी के दौरान .३२ बोर की ३ अर्ध-स्वचालित पिस्तौलें, .३१५ बोर के १० कारतूस, ९ मिमी के ४ कारतूस, .३२ के ४ कारतूस और कुल ४,१०,००० रुपये के जाली नोट बरामद किए गए।

गिरोह मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों और गोला-बारूद की खरीद कर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में वितरण के समन्वय के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोडेड संदेशों का इस्तेमाल करता था। नेटवर्क के प्रत्येक स्तर,यानी आपूर्तिकर्ता, बिचौलिए और स्थानीय वितरक, प्रत्येक हथियार की डिलीवरी पर अच्छा-खासा कमीशन कमाते थे। मीरा पति से अलग होने के बाद समसू खान उर्फ रेहान के संपर्क में आई और मध्य प्रदेश से हथियारों की तस्करी शुरू कर दी। वह समसू खान के निर्देश पर मुंबई, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में सप्लाई करने लगी।

# डिजिटल धोखाधड़ी पर जागरूकता जनसंपर्क कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय की जनसंपर्क शाखा ने आई४सी, आईएफएसओ और सभी १५ जिलों के सहयोग से दिल्ली के सभी १५ पुलिस जिलों में एक साथ साइबर सुरक्षा और डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता पर शहरव्यापी जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अभियान का उद्घाटन दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने पुलिस मुख्यालय में, विशेष पुलिस आयुक्त/पीएमएमसी, अनिल शुक्ला संयुक्त पुलिस आयुक्त/ आईएफएसओ, रजनीश गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस आयुक्त/पीआरओ संजय त्यागी, उप पुलिस आयुक्त/ आईएफएसओ विनीत कुमार की उपस्थिति में किया। अभियान को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने अभियान शुभंकर श्साइबर रक्षकश का भी अनावरण किया। इस अभियान का उद्देश्य साइबर अपराध और डिजिटल कमजोरियों के विरुद्ध लड़ाई में नागरिकों को एकजुट करना था। इसमें नागरिकों को संभावित साइबर खतरों से खुद को बचाने के महत्व के बारे में शिक्षित करने और एक अधिक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने पर जोर दिया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक समन्वित अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों तक संदेश पहुँचाना था। यह अभियान सभी १५ जिलों के जिला पुलिस उपायुक्तों और पुलिस उपायुक्त/आईएफएसओ के समन्वय से चलाया गया। जनसंपर्क विभाग के नोडल अधिकारियों ने सहायक पुलिस आयुक्त रंजय अत्रिश्य के नेतृत्व में अभियान गतिविधियों का समन्वय किया। आई४सी और आईएफएसओ के विशेषज्ञ कर्मचारी जनता के साइबर सुरक्षा संबंधी प्रश्नों के समाधान के लिए कार्यक्रम स्थलों पर मौजूद रहे। अभियान के दौरान, साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संदेश दिए गए, हैं।

# बुराड़ी 'चौपाल' में महिलाओं को मिला ब्याज मुक्त ऋण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुराड़ी 'चौपाल' में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में 201 कामकाजी महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद मनोज तिवारी, विधायक अजय माहवार व राजकुमार भाटिया, मेयर राजा इकबाल सिंह, नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही के अलावा गणमान्य लोगों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यकारी सदस्य दयानंद,रवि बंसल, समाजसेवी किरण चोपड़ा आदि मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं के हितों को प्राथमिकता श्रेणी में शीर्ष पर रखती है। हमारा ध्येय है कि कामकाजी महिलाओं का उत्थान हो। इस कड़ी में दिल्ली सरकार अपने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य कर रही। मुख्यमंत्री ने चौपाल संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की और बताया कि ऐसे सामाजिक संस्थाएं समाज के रीढ़ की तरह कार्य करती हैं, जो न सिर्फ लोगों के जीवन को सुदृढ़ बनाने का कार्य करती हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अपना बहुमूल्य योगदान देती हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि चौपाल संस्था कामकाजी महिलाओं को जरूरत के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करती हैं, ताकि यह महिलाएं अपने व्यवसाय या कामकाज को और मजबूत कर सकें।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बुराड़ी 'चौपाल' में कामकाजी महिलाओं को ब्याज मुक्त ऋण का चेक देते हुए।**

# सेप्टिक टैंक में दो मजदूरों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के छावला थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। घटना कुतुब विहार फेज-२ स्थित एक निर्माणाधीन मकान की है।

जहां सेप्टिक टैंक में काम के दौरान दम घुटने से ठेकेदार और मजदूर की जान चली गयी। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया। जांच में मृतकों की पहचान शिपुरी पालम निवासी सुभाष (३२)और महावीर एन्क्लेव पालम निवासी प्रदीप (२२) के रूप में हुई है।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार उक्त मामले में छावला थाना पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल अभी जांच जारी है। पुलिस के अनुसार २५ जुलाई की दोपहर करीब १:५६ बजे इंदिरा गांधी अस्पताल से सूचना मिली कि दो व्यक्तियों को मृत अवस्था में लाया गया है। जांच में उनकी पहचान सुभाष व प्रदीप के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सुभाष एक कांट्रेक्टर था और प्रदीप मजदूरी करता था। दोनों निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में लगी मचान खोल रहे थे, तभी अंदर गैस या ऑक्सीजन की कमी के कारण दम घुटने से उनकी मौत हो गयी।

इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सुजित झा ने कांट्रेक्टर सुभाष को दी थी। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# मौसमी बीमारियों से निपटने को एमसीडी अस्पतालों में विशेष इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। जनवरी से अब तक डेंगू के २६१, मलेरिया के ११२ और चिकनुगनिया के १७ मामले सामने आ चुके हैं। ये मामले गत वर्षों की तुलना में अधिक हैं। ऐसे में एमसीडी ने इन बीमारियों से निपटने के लिए हिन्दूराव, कस्तूरबा व स्वामी दयानंद अस्पतालों में विशेष इंतजाम किए हैं।

एमसीडी ने तीनों अस्पतालों में १६७ बेड आरक्षित किए हैं। हिन्दूराव में ७०, कस्तूरबा में ७५ व स्वामी दयानंद अस्पताल में २२ बेड विशेष रूप से डेंगू, मलेरिया, हैजा व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के इलाज के लिए रखे गए हैं। इन अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए सभी जरूरी दवाएं, जीवन रक्षक घोल, आईवी फ्लुइड्स, प्लेटलेट्स, टेस्टिंग सुविधाएं व अन्य चिकित्सा संसाधन २४ घंटे उपलब्ध हैं। इसके अलावा चिकित्सकों और नर्सों की पर्याप्त संख्या में २४ घंटे ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसी भी स्थिति में मरीजों को इलाज में देरी न हो। एमसीडी के अनुसार, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

## पर्यावरण प्रबंधन के पाठ्यक्रमों के लिए आईपीयू में 30 जुलाई तक आवेदन

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विवि (आईपीयू) में पर्यावरण प्रबंधन के तीन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ३० जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। ये तीन प्रोग्राम एमएससी एनवायरनमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम, एमएससी एप्लाइड जियोइनफॉर्मेटिक्स प्रोग्राम एवं बीएससी एनवायर नमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम हैं। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया है कि संबद्ध प्रोग्राम के लिए उपलब्ध नेशनल लेवल टेस्ट या यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा की मेरिट समाप्त होने के बाद सीयूईटी स्कोर के आधार पर भी दाखिले दिए जाएंगे।

# जहर देकर मारने वाला पैरोल जंपर पिता पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गोकुलपुरी इलाके में अपनी दो बच्चियों को जहर देकर मार डालने वाले पैरोल जम्पर हमीदुल्लाह को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी हमीदुल्लाह पुराने मुस्तफाबाद का रहने वाला है। वह पाँच बेटियों का पिता था। पत्नी की मृत्यु के बाद, वह अपनी तीन नाबालिग बेटियों के साथ अकेला रह रहा था, क्योंकि अन्य दो बेटियों की शादी पहले ही हो चुकी थी। ३० जुलाई १९९९ को, एक लडकी ने गोकुलपुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता ने उसे और उसकी दो छोटी बहनों को जहर देने का प्रयास किया था। उसने बताया कि पिछली रात साढ़े दस बजे, उसके पिता घर लौटे और उसे तीन कैप्सूल दिए बाहर से नीले और अंदर से सफेद और उससे कहा कि वह एक खा ले और बाकी दो अपनी बहनों को दे दे। चूँकि उसे केवल पेट दर्द था, इसलिए जब उसने जरूरत पर सवाल उठाया, तो पिता ने जिद की और खुद कैप्सूल छोटी लड़कियों के मुँह में रख दिए। शिकायतकर्ता ने कैप्सूल निगलने का नाटक किया, लेकिन उसे अपनी जीभ के नीचे छिपा लिया। इसके तुरंत बाद, दोनों छोटी बहनों में जहर के लक्षण दिखाई दिए, जैसे साँस लेने में तकलीफ और मुँह से झाग आना, जबकि उसको जलन हुई और उसने कैप्सूल घर के बाहर थूक दिया। वह पड़ोसियों से मदद माँगने के लिए दौड़ी।

लौटने पर, उन्होंने पाया कि पिता फरार हो गया था। परिवार लड़कियों को अस्पताल ले गया, जहाँ दोनों को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी को अगले ही दिन उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उसने जेल में आत्मसमर्पण नहीं किया था।

# कारगिल विजय दिवस: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर सैनिकों के साहस, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि २६ जुलाई भारतीय सेना के शौर्य, रणनीति और अदम्य साहस की गौरवगाथा का प्रतीक है। कारगिल युद्ध के नायकों ने जिस वीरता से दुर्गम पहाड़ियों पर विजय प्राप्त की, वह हर भारतीय के हृदय में अमिट है। मुख्यमंत्री ने यह विचार एबी ब्लॉक स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति द्वारा आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में वयक्त किए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने भाग लिया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया ग अकाउंट से भी देश के वीर जवानो को नमन किया और कहा कि ष्कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है।यह केवल एक भू-भाग की रक्षा नहीं थी, यह भारत के सम्मान, संप्रभुता और संकल्प की रक्षा का संग्राम था। कारगिल में मिली विजय भारत के साहस की भी विजय थी, संयम की भी विजय थी, मर्यादा और मातृभूमि-भक्ति की भी विजय थी।इस पावन दिवस पर हम वीर शहीदों को कृतज्ञता और श्रद्धा के साथ स्मरण करते हैं।



**हंस राज स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाए जाने के अवसर पर मुख्य अतिथि हर्ष मल्होत्रा के साथ संजय गोयल, बहन प्रीति व अन्य।**

# हंस राज स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हंस राज स्मारक सीनियर सेकेंडरी, दिलशाद गार्डन विद्यालय में कारगिल विजय दिवसष बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि हर्ष मल्होत्रा (सांसद पूर्वी दिल्ली और राज्य परिवहन मंत्री), संजय गोयल (विधायक, शाहदरा विधान सभा), बहन प्रीति (निगम पार्षद, दिलशाद कॉलोनी), भारत गौर (मुख्य प्रवक्ता, एवं मीडिया प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी, शाहदरा जिला) एवं विद्यालय के अध्यक्ष भूपेंद्र महाजन, अरुण कुमार महाजन (स्कूल प्रबंधक), अंजू सिंह (प्रधानाचार्या) डॉ वेद व्यास महाजन (पूर्व अध्यक्ष) प्रवीण महाजन (वित्त मंत्री), संजीव गुप्ता (सचिव) थे।कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल में शहीद हुए जवानों की पुष्पांजलि से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि हर्ष मल्होत्रा ने छात्रों को कारगिल युद्ध और उसमें भारतीय सैनिकों की बहादुरी के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार विषम परिस्थितियों में हमारे सैनिकों ने दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर किया। इसके बाद छात्रों ने देशभक्ति गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में एक और अभियान भी जोड़ा गया। विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यक्रम मातृभूमि, पर्यावरण और मातृत्व के सम्मान में आयोजित किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# होल सेलर से की थी लूटपाट, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : त्रिनगर के हंसापुरी रोड स्थित एक कोल्ड ड्रिंक होल सेलर से हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले चार लुटेरों को केशवपुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जल्द पैसा कमाने के लिए आरोपी आपराधिक वारदात को अंजाम दिया था। उनके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस,दो चाकू और अपराध में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय एनक्लेव निवासी २२ वर्षीय विजय,मॉडल टाउन निवासी २२ वर्षीय शिवम,२२ वर्षीय श्रवण और ओंकार नगर निवासी २१ वर्षीय ओम जी के तौर पर हुई है। विजय पहले भी लूट के एक मामले में शामिल रह चुका है। चारों ने जल्दी पैसा कमाने के उद्देश्य से अपराध करना स्वीकार किया है।

डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि ७ जुलाई की शाम करीब ४:०० बजे, शिकायतकर्ता एवं उसका सहयोगी दीपक गर्ग अपने गोदाम में कार्यरत थे, तभी बाइक पर सवार तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे। दो युवक जिनके पास हथियार (कट्टा एवं चाकू) थे, दुकान के अंदर घुसे और शिकायतकर्ता से कैश ड्रॉअर की चाबी मांगने लगे।डर के चलते शिकायतकर्ता ने उन्हें कैश काउंटर की चाबी दे दी, जिसके बाद आरोपियों ने नगदी, आधार कार्ड, वोटर प्क एवं पैन कार्ड जबरन ले लिए। तीसरा आरोपी बाहर बाइक पर तैयार बैठा था। वारदात के बाद तीनों आरोपी उसी बाइक से फरार हो गए। उनके शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटनास्थल एवं आस-पास के कई ब्ब्ज्ट फुटेज की जांच की गई तो पता चला कि आरोपी एक ही बाइक पर आए और वारदात को अंजाम देने के बाद रामपुरा रेड लाइट की ओर भागे। वहां चौथा आरोपी उनसे जुड़ा और चारों नानक प्याऊ गुरुद्वारा, डीटीसी पार्क, मॉडल टाउन की ओर भागते हुए दिखे पड़े।

# श्री भोले जी महाराज के जन्मोत्सव पर जनकल्याण समारोह शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं द हंस फाउंडेशन के प्रेरणास्रोत श्री भोले जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा श्री हंसलोक आश्रम, छतरपुर दिल्ली में दो दिवसीय जनकल्याण समारोह का विधि विधान के साथ शुभारम्भ हुआ।

इस मौके देश-विदेश से आये हजारों श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों को सम्बोधित करते हुए श्री भोले जी महाराज ने कहा कि भगवान की असीम कृपा से हमें यह मनुष्य शरीर मिला है, इसे व्यर्थ की बातों में नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के सच्चे तत्वदर्शी महापुरुष सद्गुरु महाराज से भगवान के सच्चे नाम को जानकर भजन-सुमिरण करना चाहिए, तभी हमारा मानव जन्म सार्थक होगा। श्री भोले जी महाराज ने जीवन है बेकार भजन बिन दुनिया में तथा हंसा निकल गया पिंजड़े से खाली पड़ी रही तस्वीर आदि भजन गाकर लोगों को भक्ति मार्ग पर लगने के लिए प्रेरित किया। आध्यात्मिक विभूति तथा द हंस फाउंडेशन की प्रेरणास्त्रोत माता श्री मंगला जी ने कहा कि अध्यात्म ज्ञान सभी धर्मग्रंथों और धर्मशास्त्रों का मूल है। अध्यात्म ज्ञान से ही देश की सभी समस्याओं का समाधान निक.ाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम, श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, गुरु नानक, महावीर स्वामी, स्वामी विवेकानंद तथा श्री हंस जी महाराज आदि हमारे सभी संत-महापुरुष अध्यात्म ज्ञानी थे, इसलिए आज भी पूरी दुनिया में उनकी पूजा होती है।

# कारगिल युद्ध: आज भी जिंदा हैं जांबाजों की वीरगाथाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 1999 में कारगिल युद्ध में देश को विजय दिलाने में दिल्ली के सैनिकों ने भी अहम भूमिका निभाई थी। कारगिल की चोटियों पर पाकिस्तान के घुसपैठियों के छक्के छुड़ाने के दौरान दिल्ली निवासी चार कैप्टन शहीद हुए थे जबकि एक लांसनायक घायल हुआ था। इन जाबांजों की वीरगाथाएं आज भी दिल्ली वासियों के दिल में जिंदा हैं। युद्ध में कैप्टन हनीफुद्दीन, कैप्टन अमित वर्मा, कैप्टन सुमित राय और कैप्टन अनुज नैय्यर देश के लिए शहीद हो गए थे।कारगिल के समय सभी युवा अधिकारी प्रारंभिक सेवा काल में थे लेकिन अपने अदम्य साहस से उन्होंने दुश्मन को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था।

पूर्वी दिल्ली निवासी कैप्टन हनीफुद्दीन 11वीं राजपूताना राइफल्स के एक अधिकारी थे। कारगिल युद्ध के दौरान ११वीं राजपूताना राइफल्स को पॉइंट ५,५०० पर कब्जा करने के बाद पॉइंट ५,५९० पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इस अभियान को ऑपरेशन थंडरबोल्ट नाम दिया गया था जिसके तहत भारतीय सेना को तुरतुक क्षेत्र में १८,५०० फीट की ऊंचाई पर एक चोटी पर कब्जा करना था। कैप्टन हनीफुद्दीन ने इस अभियान में वीरतापूर्वक लड़ाई लड़ी थी और वीरगति को प्राप्त हुए थे।

दिल्ली के पंजाबी बाग में रहने वाले कैप्टन अमित वर्मा की यूनिट नौ महार ३ इन्फैंट्री डिवीजन के तहत १०२ इन्फैंट्री ब्रिगेड का हिस्सा थी। अन्य लड़ाकू तत्वों के साथ इस ऑपरेशन में भाग लेने के लिए कैप्टन की यूनिट को टाइगर हिल क्षेत्र में फिर से तैनात किया गया था। अपनी बटालियन के साथ कैप्टन अमित वर्मा को उनकी बटालियन के छह साथी सैनिकों के साथ १५,५०० फीट की ऊंचाई पर क्षेत्र का सर्वेक्षण करने का जिम्मा सौंपा गया था।

## रेलवे स्टेशन पर डकैती की वारदात में भगोड़ा जींद से पकड़ा

**नई दिल्ली।**नई दिल्ली : २०१४ में, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन इलाके में एक डकैती की वारदात में वांछित पाला उर्फ पालाराम को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिये ठिकाने बदल बदलकर जिंदगी बीता रहा था।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना ई.एल.एस.-एस.आर.ई.-25-26-टी-06 दिनांक 25.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व0 मण्डल बिजली इंजीनियर/टी.आर.एस. इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस.-एस.आर.ई.-25-26-टी-06 | | | | |
| कार्य का विवरण | इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा सहारनपुर के इलेक्ट्रिक लोको कैब रूफ माउंटेड एसी यूनिट्स थ्री फेज लोको (डब्ल्यूएजी-9) इलेक्ट्रिक लोको की व्यापक मरम्मत और रखरखाव जिसमें 02 वर्ष की अवधि के लिए पुर्जों का प्रतिस्थापन भी शामिल है। | | | | |
| समापन/खोलने की तिथि | 20.08.2025 | लगभग लागत | रू 1,27,95,136/- | | |
| अर्नेस्ट मनी | रू 2,14,000/- | समापन अवधि | दो वर्ष | वैधता अवधि | 60 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई0आर0ई0पी0एस0 से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रूपये 5000/- Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए | | | | |

1. वर्क्स निविदाएं की ई-टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास-।।। डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को 3. अपलोड करना आवश्यक है। 4. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।

2286/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 27 जुलाई को आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से, डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानजय सिंह ने शनिवार को जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

डीएम और एसपी ने नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित दीवान पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल में बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी कैमरे पूरी तरह से काम कर रहे हों और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही या तकनीकी खराबी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने परीक्षा कक्षों का भी गहन निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों को लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम अभिषेक पांडेय ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पारदर्शिता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और पारदर्शी परीक्षा हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर संबंधित तहसील और शिक्षा विभाग के अधिकारी, परीक्षा केंद्र प्रभारी और पुलिस बल भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सतर्कता से परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों में परीक्षा की सुरक्षा



और निष्पक्षता को लेकर भरोसा बढ़ा है।

# मंदिर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गांव अल्लाबक्शपुर रोड स्थित गोरजा माता मन्दिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी का सामान मूर्ति, घण्टी, नकदी व अवैध हथियार बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि चोरों द्वारा थाना क्षेत्र के गांव अल्लाबक्शपुर रोड स्थित गोरजा माता मन्दिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोर मुन्शी पुत्र गणेशी निवासी जाटो वाली थाना बछराऊ



जनपद अमरोहा, जयसिंह पुत्र रामकिशोर निवासी सागर भैली थाना गजरौला जनपद अमरोहा और गोपाल पुत्र रामप्रसाद निवासी मीरा की रेती कस्वा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को गांव नयाबांस जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से मंदिर से चोरी किया गया सामान माता की एक मूर्ति, भगवान कृष्ण की एक मूर्ती, एक घण्टी, 1280 रुपये की नगदी व एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सरकारी स्कूल में क्लास के दौरान गिरा छत का प्लास्टर, दो छात्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** शिक्षा विभाग की लापरवाही एक बार फिर बच्चों की जान पर बन आई है। थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव भमैड़ा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में उस वक्त अफरा तफरी मच गई। जब कक्षा के दौरान छत का प्लास्टर अचानक गिर पड़ा। इस हादसे में दो छात्र घायल हो गए। सूचना मिलते ही नगर क्षेत्र अधिकारी जितेंद्र कुमार, एसडीएम इला प्रकाश, सदर तहसीलदार प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार घटना उस वक्त हुई जब बच्चे शांतिपूर्वक पढ़ाई कर रहे थे। तभी कक्षा की छत से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा सीधे छात्रों पर आ गिरा। इस दौरान कक्षा में पढ़ रहे 10 वर्षीय छात्रा फिजा पुत्री इंशाद अली और 10 वर्षीय आहिल पुत्र वसीम घायल हो गए। घायल छात्रों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए देवनंदनी अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां पर दोनों छात्रों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर क्षेत्राधिकार जितेंद्र कुमार, सदर एसडीएम इला प्रकाश, सदर तहसीलदार प्रवीण कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों का हाल पूछा। स्थानीय लोगों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शीघ्र ही स्कूल की मरम्मत कराने



की मांग की है। गौरतलाब है कि स्कूल करीब 25 साल पुराना बना हुआ बताया जा रहा है और स्कूल में करीब 181 छात्र पढ़ते है। सरकारी स्कूल में यह हादसा शिक्षा विभाग की लापरवाही पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

# तहसील में किसानों का प्रदर्शन, लेखपाल पर भ्रष्टाचार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को धौलाना तहसील में लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया और उसे तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी के नेतृत्व में किसान धौलाना तहसील पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील में तैनात लेखपाल किसानों से विभिन्न कार्यों के लिए रिश्वत लेता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बलराज भाटी ने मांग की कि ऐसे भ्रष्ट लेखपाल को तुरंत पद से हटाया जाए। किसानों के इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम धौलाना मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की सभी शिकायतें सुनीं और आश्वासन दिया कि लेखपाल पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों की जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच की जाएगी। एसडीएम के आश्वासन के बाद भारतीय किसान यूनियन बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने लेखपाल के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा और इसके साथ ही किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। भाकियू बलराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। लेखपाल जैसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि किसानों को न्याय मिल सके। जिला



अध्यक्ष महेश सिसोदिया ने कहा कि किसानों को अपने जायज कामों के लिए भी रिश्वत देनी पड़ रही है, यह बेहद निंदनीय है। हम प्रशासन से इस मामले में तुरंत कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में देरी हुई या दोषी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** हरियाली तीज की पूर्व संध्या पर शनिवार को चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट कार्यालय, अमीनगर सराय पर एक मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन एडवोकेट सुबोध बंसल ने फीता काट कर किया। 20 बालिकाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रत्येक बालिका ने एक से बढ़कर एक सुंदर मेहंदी रचाई। मुख्य अतिथि सुबोध बंसल ने कहा कि ये एक ऐसा त्यौहार है जो एक दूसरे को जोड़ता है और एकता का प्रतीक है, आज बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही ही है और उदाहरण पेश कर रही है। प्रशिक्षण प्रभारी टीना चौधरी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता केंद्र पर समय समय पर होती रहती



है और बालिकाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर टीना चौधरी, जायदा, अन्नू, सोनिया, खुशी, कशिश, श्यामा, आयशा, तनु, प्रियंका यादव और रेणु यादव आदि उपस्थित रहें।

# भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज व मंत्री दानिश पहुंचे हापुड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी हापुड़ पहुंचे। मेरठ में अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित कलाम को सलाम कार्यक्रम से लौटते समय, दानिश आजाद अंसारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन, अधिवक्ता मल्लिका खान के आवास पर उनसे मिलने पहुंचे। अधिवक्ता मल्लिका खान ने बताया कि हाल ही में उनका एक्सीडेंट हो गया था और उनका हालचाल जानने के लिए सैयद शाहनवाज हुसैन और दानिश आजाद अंसारी उनके आवास पर आए थे। इस दौरान, उनके साथ सगीर खान, ताहिर खान, खालिद



खान, आसिफ खान, मोहम्मद दिलशाद, हसीब सिद्दीकी, नाज़िम खान, और आरिफ खान सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चमरी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में फांसी के फंदे पर एक युवक का शव लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस को मोहल्ला चमरी में एक युवक द्वारा आत्महत्या की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक करीब 35 वर्षीय सद्दाम पुत्र समयदीन मजदूरी का काम करता था। कुछ दिन पूर्व मृतक की पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। आशंका जताई जा रही है की पत्नी के छोड़ने से आहत होकर युवक ने यह कदम उठाया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुवा।** थाना कपूरपूर क्षेत्र के इकलेडी गांव में शुक्रवार शाम एक मामूली कहासुनी ने गंभीर रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर दिया गया। घायल युवक की पहचान बेगराज के रूप में हुई है। परिजन उसे तुरंत हापुड़ के एक निजी अस्पताल में ले गए। वर्तमान में उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उपचार के दौरान बेगराज ने अपने बयान में गांव के ही प्रेमपाल, गुल्ला, आकाश, विकाश ओर अभी पर हमला करने का आरोप लगाया है। कपूरपूर थाना प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामूली कहासुनी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पीड़ित पक्ष की तरफ से तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना सामने नहीं आई है।

# कारगिल युद्ध मे वीर जवानों ने कारगिल को दुशमनों से कराया आजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मंशा के अनुरूप शहर कांग्रेस कमेटी बडौत अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध मे वीर जवानों ने अपने प्राणों की प्रवाह न करते हुए कारगिल को दुशमनो से आजाद कराया। शहीदो की याद मे पी एन शर्मा पार्क शहीद शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

भारत माता की जय देश के अमर शहीदों की जय के गगनभेदी नारों के साथ शहीद जावानो को याद किया।

इस अवसर पर देवेन्द्र शर्मा, रविन्द्र, औमवीर, शोकेन्द्र नन्दराम, क्रष्णहरी पंवार, बिजेन्द्र शर्मा, हाकिम, जावेद सोमपाल शर्मा आमिर लोकेश पाँचल औकार दत्त शर्मा मीडिया प्रभारी आदि रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर कांग्रेसजनों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** शनिवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण दिल्ली रोड स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जनो ने देश के अमर शहीदों की याद में मोमबत्ती जला कर देश के उन वीर सपूतों को याद किया, जिन्होंने देश के लिए हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ।

कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में इसलिए भी मनाया जाता हैं क्योंकि इस दिन देश के वीर जवानों ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को दुश्मनों से आजाद कराया था। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि आज हम कारगिल विजय दिवस के महान वीर सपूतों को याद कर रहे हैं। राष्ट्र के प्रति उनका योगदान अतुलनीय हैं। कांग्रेस जनों ने देश के अमर शहीदों के लिए दो मिनट का मौन धारण किया और उन्हें याद किया। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक, सुखपाल गौतम, डा. इसरार, अनूप , गोपाल, महबूब आदि लोग मौजूद रहे।



### गुमशुदा की तलाश



इस व्यक्ति का नाम जितेंद्र उर्फ भोलू पुत्र तेजपाल सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम सलावा थाना तहसील सरधना जिला मेरठ है। उम्र करीब 35 वर्ष। ये बीते 16 जुलाई सन 2025 से अपने गांव सलावा से गायब है। लंबाई करीब साढ़े 5 फुट। चेहरे का रंग साफ गेंहुआ। इसे हर जगह तलाश किया मगर ये कहीं नहीं मिला। जिस किसी भाई को इसका पता लगे तो तुरंत नीचे लिखे पते व मोबाइल नंबर पर संपर्क करे उसे इनाम मिलेगा। जितेंद्र बेटा आप जहां भी हो तुरंत घर आ जाओ। हम सब तुम्हारे बिना बहुत दुखी हैं।

**प्रार्थी : तेजपाल राजपूत निवासी ग्राम सलावा थाना सरधना जिला मेरठ यूपी। मोबाइल नं. 8630357880 8630748001**

# सामुहिक नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** हरियाली तीज के उपलक्ष्य में 'विक्टरी वाईब्स संस्था' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम मची रही। इस दौरान महिलाओं ने हरियाली तीज के गीतों पर सामहिक नृत्य करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

शनिवार की शाम नगर स्थित एक वेंक्ट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। हरे रंग की वेशवूषा में सम्मिलित हुई महिलाओं ने तीज के गीतों पर सामुहिक व एकल नृत्य किया, तो वहीं पारंपरिक रूप से झूले का भी आनंद लिया।

गेम्स शो के साथ साथ



महिलाओं ने रैंप पर भी कैटवाक किया। शाम चार बजे से प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम आठ बजे समाप्त हुआ। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को तीज की बधाई दी। इस मौके पर संध्या अग्रवाल, एकता रस्तौगी, नीतू भाटी, मंजू सिंह, जूही, नूतन राणा, ज्योति अग्रवाल, निशा चाहल, अर्पणा अग्रवाल, मीनाक्षी कक्कड़, रितिका अग्रवाल आदि मौजूद रहीं। जबकि कार्यक्रम का संचालन अंजना बालियान ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका लीना प्रभाकर ने निभाई।

# अमरोहा सांसद की अध्यक्षता में दिशा बैठक संपन्न, विकास कार्यों और लाभार्थी योजनाओं पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** शनिवार को विकास भवन सभागार में अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कुंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, साथ ही अधिकारियों को कई कड़े निर्देश दिए गए।

बैठक की शुरुआत में, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने सांसद को पिछली बैठक की अनुपालन आख्या से अवगत कराया। इसके बाद, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, दीन दयाल उपाध्याय विद्युत योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अमृत योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। सांसद ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। सांसद ने विशेष रूप से जोर दिया कि जिन विकास योजनाओं को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है, उनके लोकार्पण और शिलान्यास से पहले जनपद के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए और उन्हें आमंत्रित किया जाए। सांसद कुंवर सिंह तंवर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कैंप लगाए जाएं। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी संबंधित विधायकों को देने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी कार्य मानक के अनुरूप हों। पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत तुरंत कराने तथा बंद पड़ी टंकियों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश भी अधिशासी अभियंता जल



विभाग को दिए गए। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत संचालित सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने अवगत कराया कि जनपद की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में पिंक शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। विधायक सदर ने जनपद के अधिकतम मोहल्लों में सीवर लाइन बिछाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिस पर सांसद ने संबंधित अधिकारी को विधायक से समन्वय बनाकर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। पूर्ण योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने, कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए। कृषि अधिकारी को जनपद के शत-प्रतिशत किसानों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जोर दिया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ कोई भी पात्र लाभार्थी छूटने न पाए। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक सदर विजयपाल, विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया, विधायक धौलाना धर्मेश सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के पतवाड़ी गांव से सटे सेक्टर 2 और 3 की ग्रीन बेल्ट में बनी अवैध मार्केट पर शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर चला। सुबह 6 बजे से शुरू हुई इस कार्रवाई में दो दर्जन दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। इस कार्रवाई में लगभग एक लाख वर्ग मीटर ग्रीन बेल्ट की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। प्राधिकरण ने मलवा हटाने के साथ ही पौधरोपण भी शुरू करा दिया है।

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ने वाली 130 मीटर रोड पर सेक्टर 2 और 3 से सटी ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण कर आसपास के कुछ लोगों ने मार्केट बना लिया था। यह ग्रीन बेल्ट पतवाड़ी गांव के खसरा संख्या 663, 668, 670, 725, 729, 730, 739, 740 और 741 आदि की जमीन पर स्थित है। यहां पर अवैध रूप से ऑटोमोबाइल, अल्युमिनियम वर्क्स और मार्बल की दुकानें चल रहीं थीं। प्राधिकरण की तरफ से इन दुकानों को हटाने के लिए नोटिस जारी की गई, लेकिन इन लोगों ने दुकानें नहीं हटाईं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में उद्यान विभाग और भूलेख विभाग की टीम ने भारी संख्या में नोएडा पुलिस बल की मौजूदगी में शनिवार सुबह 6 बजे से कार्रवाई शुरू की और करीब 4 घंटे तक लगातार तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान एडिशनल सीपी हृदेश कठेरिया, एसीपी वीर सिंह, एसीपी दीक्षा सिंह और एसीपी वर्णिका सिंह, आसपास चौकी और कोतवाली पुलिस व कमांडो मौजूद रहे। आठ जेसीबी और इतने ही डंपर लगाकर तोड़फोड़ और मलवा हटाने की कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई को ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अतिक्रमण हटाने गई टीम और नोएडा पुलिस की सराहना की है। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने चेतावनी दी है कि ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। अतिक्रमण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी, किसी भी तरह की संपत्ति खरीदने या किराए पर लेने से पहले प्राधिकरण से जानकारी अवश्य कर लें, कि वह संपत्ति अनधिकृत तो नहीं है। ओएसडी गुंजा सिंह ने बताया कि अतिक्रमण से मुक्त जमीन पर पौधरोपण शुरू कर दिया गया है। अतिक्रमण की कार्रवाई में ओएसडी भूलेख रामनयन सिंह, डीजीएम उद्यान संजय कुमार जैन, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र, सहायक निदेशक उद्यान बुद्ध विलास, प्रबंधक प्रशांत समाधिया व प्रबंधक मिथिलेश कुमार आदि शामिल रहे।

# सतर्कता और जागरूकता ही असली साइबर सुरक्षा : एडिशनल डीसीपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज के डिजिटल दौर में सुविधाओं के साथ खतरे भी बढ़े हैं। इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता के चलते साइबर अपराध भी बढ़ा है। महिलाओं के खिलाफ साइबर स्टॉकिंग, बैंकिंग फ्रॉड और 'डिजिटल अरेस्ट'जैसे अपराध तेजी से बढ़े हैं। ये बातें एडिशनल डीसीपी (महिला एवं बाल सुरक्षा) मनीषा सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही असली साइबर सुरक्षा है। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी-2 की 10 एवेन्यू संस्कृति विहार सोसाइटी में शनिवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित साइबर सुरक्षा कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि आजकल साइबर अपराधियों के निशाने पर सबसे ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर महिलाओं को डराना-धमकाना, ब्लैकमेल करना और अश्लील मैसेज भेजकर मानसिक उत्पीड़न करना साइबर स्टॉकिंग का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि कई बार अपराधी खुद को पुलिस या अन्य एजेंसी का अफसर बताकर शडिजिटल अरेस्टश के नाम पर महिलाओं से मोटी रकम भी वसूल लेते हैं। साइबर अपराध बड़ी चुनौती है। जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे मजबूत तरीका है। अनजान कॉल, लिंक या ईमेल पर भरोसा न करें। किसी से भी अपना ओटीपी, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी, फोटो या लोकेशन शेयर करने से भी बचें।

उन्होंने कहा कि साइबर ठगी की घटना के बाद पहला एक घंटा बेहद अहम होता है जिसे शगोल्डन आवरश कहा जाता है। इस दौरान तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या ूबलइमत. बतपउम.हवअ.पद पर शिकायत दर्ज कराएं। बैंक और साइबर सेल तुरंत कार्रवाई कर पैसे वापस लाने की कोशिश करते हैं। शिकायत में देरी करने से पैसा वापस मिलने की संभावना घट जाती है।

कार्यक्रम में दुष्यंत कुमार, आनंद यादव, प्रशांत श्रीवास्तव, नीलम श्रीवास्तव, डॉ. अखिलेश तिवारी, गायत्री सेठ, शुभांशी, किट्टी बग्गा, अभिलाषा, सुधीर सिन्हा, अजय लाल, प्रेम चंद, अवधेश गुप्ता, सौरभ विकास, गौतम, धीरेश्वर सक्सेना, अकेश डाबरा, डीके त्यागी आदि मौजूद रहे।

## वाहन से टकरा कर बाइक सवार घायल

**नोएडा।** मालवाहक गाड़ी से टकराकर बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल के भाई ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सेक्टर-24 थाने में दी शिकायत में दिल्ली के न्यूअशोक नगर निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनका भाई वरुण कुमार गुरुवार को नोएडा के सेक्टर-63 स्थित अपने कार्यालय से घर आ रहा था। सेक्टर-33 स्थित एलिवेटेड रोड पर आगे चल रहे मालवाहक वाहन के चालक ने अचानक से ब्रेक मार दी। इससे बाइक सवार वरुण मालवाहक वाहन में घुस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

# शारदा विश्वविद्यालय में छात्रा की आत्महत्या मामला

- **जांच समिति ने मांगा दो दिन का अतिरिक्त समय, परि. जनों ने जताई नाराजगी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शारदा विश्वविद्यालय की छात्रा ज्योति की आत्महत्या मामले में परिजन विश्वविद्यालय पहुंचे और जांच समिति के समक्ष अपने बयान दर्ज करवाए। परिजनों ने समिति की जांच प्रक्रिया पर नारा. जगी व्यक्त की है।

ज्योति के पिता रमेश जांगड़ा ने बताया कि उनकी समिति के साथ करीब एक घंटे तक बात. चीत हुई। उन्होंने घटना के बारे में विस्तृत बयान दिए। रमेश ने बताया कि यह घटना सोमवार से शुरू हुई थी। उस दिन वह बेटी के कहने पर यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

उन्होंने एचओडी और डीन से मुलाकात की थी। दोनों ने आश्वासन दिया था कि आगे से उनकी बेटी के साथ कुछ गलत नहीं होगा। इसके बावजूद शुक्रवार को उनकी बेटी ने खुदकुशी कर ली। सुसाइड नोट में ज्योति ने दो प्रोफेसरों को जिम्मेदार ठहराया है।

पिता का कहना है कि उन्हें समिति की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं है। समिति ने जांच पूरी करने के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। उम्मीद है कि शनिवार तक समिति रिपोर्ट तैयार कर लेगी। सोमवार को यह रिपोर्ट विश्वविद्यालय और पुलिस को सौंपी जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन सुसाइड नोट की अलग से जांच करवा रहा है। इसे समिति की रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। सुसाइड नोट को फोरेंसिक लैब भेजा गया है ताकि इसकी प्रामाणिकता की जांच हो सके।

पुलिस ने छात्रा के हॉस्टल कमरे को घटना के बाद सील कर दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, टीम एक बार फिर कमरे की जांच करेगी और वहां से साक्ष्य जुटाएगी। फॉरेंसिक टीम पहले ही कमरे की जांच कर चुकी है।

पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। अब तक सात लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। जांच अधिकारी ने छात्रा के माता-पिता के भी विस्तृत बयान लिए हैं। जिनकी भी लापरवाही साबित होगी, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### महिला से मारपीट, गर्म पानी डालकर जलाया चेहरा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड स्थित वेद विहार कॉलोनी में महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। जान से मारने की धमकी दी गई है। गर्म पानी डालने से चेहरा व अन्य जगह से शरीर झुलस गया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल ने पति के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुलंदशहर के पिला खनी गांव निवासी संध्या शर्मा अपने पति राजू शर्मा के साथ दादरी के रेलवे रोड स्थित वेद विहार कॉलोनी में किराये पर रहती है। पति झूठे आरोप लगाकर शक करता है। इसे लेकर 21 जुलाई की रात पति ने गाली-गलौज कर मारपीट की और चेहरे पर गर्म पानी डाल दिया गया जिससे चेहरा व कई जगह से शरीर झुलस गया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। इलाज के बाद पीड़िता ने पति के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### महिला इंजीनियर की संदिग्ध मौत के मामले में पति व ससुर गिरफ्तार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-74 स्थित आईवी काउंटी सोसाइटी में महिला इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति आदित्य और ससुर रामरूप को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में मृतका के भाई ने दहेज हत्या का मुक. दमा दर्ज कराया था। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने पति, सास, ससुर व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

नेहरू नगर, गाजियाबाद निवासी अनमोल गोयल ने पुलिस से शिकायत की थी कि उनकी बड़ी बहन दीपिका गोयल की शादी फरवरी 2023 में नोएडा सेक्टर 74 के आइवी काउंटी सोसाइटी में रहने वाले आदित्य गोयल के साथ हुई थी। आरोप है कि आदित्य व इनके घर वाले उनकी बहन को प्रताड़ित करते थे। अतिरिक्त दहेज के रूप में घर व कार की मांग करते थे।

अनमोल ने बुधवार को चार बजे बहन से वीडियो कॉल पर बात की थी। रात करीब पौने नौ बजे फैमिली ग्रुप पर बहन का बाय, सॉरी व आइ लव यू मैसेज थे। आरोप है कि सभी मैसेज पति, सास ससुर ने टाइप कर भेजे थे। कई बार सभी लोगों को फोन किया तो उन्होंने पार्क में घूमने की बात कही। रात करीब सवा दस बजे पता चला कि दीपिका ने फांसी लगा ली है। अस्पताल पहुंचने पर दीपिका मृत अवस्था में मिली थी।

### पेंशन के लिए जिले में 37 स्थानों पर लगेंगे शिविर

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों की समस्या के समाधान के लिए जिले में 37 स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। इनमें योजना के लिए आवेदन भी हो सकेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि शिविर सवेरे 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। 28 जुलाई को सर्फाबाद बारातघर और मिर्जापुर, 30 जुलाई को सोरखा बारातघर व रौनीजा, 1 अगस्त को श्रमिक कुंज सेक्टर 122 व आछेपुर, 4 अगस्त को सरस्वती कुंज तिगड़ी व चांदपुर, 6 अगस्त हल्दौनी व महेंदीपुर, 8 अगस्त को फलैंदा, 12 अगस्त पॉकेट 12 सेक्टर 82 बारात घर व तिरथली, 14 अगस्त को सलारपुर व अनवरगढ़, 18 अगस्त बरौला व बिरौंडी, 20 अगस्त को साकीपुर, 21 अगस्त असगरपुर, 22 अगस्त को नगर पालिका परिषद दादरी व नगर पंचायत विलासपुर, 23 अगस्त को सदरपुर कालोनी, 25 अगस्त को कुलेसरा व नगर पंचायत दनकौर, 27 अगस्त को नगर पंचायत रबुपुरा, 28 अगस्त को छपरौला, 29 अगस्त को नगर पंचायत जेवर, 30 अगस्त को चिपियाना, 1 सितंबर को गिरधरपुर व नगर पंचायत जहांगीरपुर, 3 सितंबर को आकिलपुर, 8 सितंबर को सीदीपुर, 10 सितंबर को चिटहेरा, 12 अगस्त को लुहारली, 15 सितंबर को खटाना, 17 सितंबर को जारचा में शिविर लगाया जाएगा।

# सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को मिला प्रदेश में पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रोडवेज बस के कुशल संचालन करने, बेहतर सुविधाएं देने और निर्धारित मानक से अधिक आय देने के चलते प्रदेश में ग्रेटर नोएडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा और नोएडा के प्रबंधक मनोज कुमार को अपने-अपने क्षेत्र में पहला स्थान मिला है। यातायात निरीक्षक शमीना अंजुम को दूसरा स्थान मिला है।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के द्वारा प्रोत्साहन योजना के तहत क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को डिपो संचालन के चार स्तर आय प्रति बस प्रतिदिन, बस उपयोगिता, ईंधन औसत, लाभ-हानि प्रति बस प्रतिदिन पर मूल्यांकन प्रदेश स्तर पर किया जाता है। जिसके चलते मई माह में सेवा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह को प्रदेश पहला स्थान मिला है। वहीं ग्रेटर नोएडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा को पहला स्थान मिला है। जबकि लखनऊ के बाराबंकी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जमीला खातून दूसरे स्थान पर रही। वहीं यातायात अधीक्षक नोएडा शमीना अंजुम को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। विभाग ने सभी को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया है।

## कोतवाली के पास खड़ी बसों से चोरी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रबूपुरा कोतवाली के पास खड़ी तीन प्राइवेट बसों से शुक्रवार रात चोरों ने छह बैटरी चुरा लीं। चोरों ने बसों के दरवाजों का ताला तोड़कर यह वारदात अंजाम दी। एक अन्य बस में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन वहां चोर सफल नहीं हो सके।

सुबह जब चालक बसें स्टार्ट करने पहुंचे, तब उन्हें बैटरी चोरी होने की जानकारी मिली। पीड़ित बस चालकों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

बस यूनियन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले भी कई बसों से लाखों रुपये की बैटरी चोरी की वारदातें हो चुकी हैं।

# आज 47 केंद्रों पर आरओ/एआरओ की परीक्षा होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 47 केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 आयोजित होगी। परीक्षा 47 केंद्रों पर होगी। इसकी सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए डीएम मनीष वर्मा ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक के साथ बैठक की। परीक्षा एक पाली सुबह साढ़े नौ से साढ़े 12 बजे तक होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से जारी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करेंगे। संबंधित अधिकारी समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**परीक्षा केंद्र पर सभी सुविधाएं मिले:** परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराया जाए। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए पीने का पानी, शौचालय, अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ रखा जाए।

**एंट्री गेट होगी सख्त चें. कंग:** परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर प्रवेश कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए।

# डीएम ने कारगिल के नायकों और वीर नारियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा डीएम कैंप ऑफिस नोएडा के सभागार में कारगिल युद्ध के नायकों और वीर नारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला सैनिक कल्याण विभाग के वरिष्ठ लिपिक हरविंदर कुमार शर्मा वी कल्याणकर्ता हरवीर सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने समारोह में उपस्थित वीर नायकों कर्नल प्रविंद्र सिंह, डब्ल्यूओ देवराज नागर, सूबेदार जगदीश चंद्र, तेजराम, हवलदार राणा सिंह, जितेंद्र, सार्जेंट महाराज सिंह, जेडब्लूओ जेपी नागर एवं वीर नारी शहीद मेजर अनुराग नौरियाल की पत्नी कीर्ति चक्र प्राप्त उमा नौरियाल, शहीद सूब. ेदार जयसिंह पत्नी शौर्य चक्र प्राप्त सुखवीरी देवी, शहीद गनर रामवीर सिंह पत्नी सरोज कुमारी तथा शहीद ग्रनेडियर रिश्पाल सिंह पत्नी रामप्यारी देवी को मोमेंटो व पौधा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने प्रत्येक सम्मानित अतिथि से व्यक्तिगत रूप से भेंट करते हुए उन्हें कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दीं।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा, "देश की सुरक्षा के लिए दिया गया आपका बलिदान और योगदान अतुलनीय है। हम सभी नागरिक आपके ऋणी हैं और जिला प्रशासन आपकी हर आवश्यक सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा।" उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों का समारोह में भाग लेने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दौरान रिटायर्ड कर्नल शैलेंद्र सिंह ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार भारतीय सेना के जांबाजों ने वीरता और साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह विजय भारतीय सेना की अद्वितीय शौर्यगाथा का प्रतीक है।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, पूर्व सैनिकगण, उनके परिजन तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कारगिल के शूरवीरों को भाजपा ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कारगिल युद्ध में विजय दिलाने वाले शूरवीरों का सम्मान शनिवार को भाजपा कार्यालय पर किया गया। कारगिल विजय दिवस के मौके पर यह सम्मान समारोह रहा। वहीं दादरी स्थित शहीद स्मारक पर एक मशाल जुलूस का आयोजन भी किया गया।

भाजपा के तिलपता स्थित जिला कार्यालय पर पहले कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी हुई। इसके बाद जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता और जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कारगिल युद्ध में शामिल रहे कर्नल गिरीश मिश्रा, शौर्य चक्र विजेता मेजर राकेश शर्मा, सूब. ेदार कमल कुमार, भोपाल सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट कैप्टन पंचशील, हवलदार मनोज भाटी, रवि कुमार, नरेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, तेजवीर सिंह, प्रेमचंद, हरिश्चंद्र, लांसनायक हरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, नायक योगेंद्र सिंह के अलावा शहीद नरेंद्र भाटी की पत्नी सुरेश देवी और लेफ्टिनेंट कर्नल परविंदर सिंह को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि देश के वीर जवानों ने विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए कारगिल युद्ध जीता था। जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के शौर्य को भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया जाएगा।

## सेक्टर में पेयजल और सीवर की समस्या के समाधान की मांग

**नोएडा।** सेक्टर-56 स्थित सामुदायिक केंद्र में शनिवार को आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण के जल विभाग के साथ बैठक की। लोगों ने बैठक में अधिकारियों को पेयजल, सीवर आदि की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। सेक्टर निवासी विक्रम चतुर्वेदी, डीके गुप्ता और गुलकेश कुमार ने बताया कि सेक्टर में आपूर्ति होने वाले पेयजल में बदबू आती है। इसमें अक्सर कीड़े भी आते रहते हैं। साथ ही इसका टीडीएस 1500 से भी अधिक है। उसमें गंगाजल का पानी बहुत ही कम मिलाया जाता है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी ने बताया कि पानी का प्रेशर भी काफी कम है। इससे तीसरी और चौथी मंजिल में रखी टंकी में पानी पहुंच नहीं पा रहा।

वहीं, सीवर लाइनों की नियमित सफाई न होने की वजह से भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। वहीं, प्राधिकरण के जल विभाग के वरिष्ठ जेई विपिन कुमार ने बताया कि सेक्टर की पानी और सीवर की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

## हादसे में घायल बाइक सवार ने दम तोड़ा

**नोएडा।** सेक्टर-62 क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर एक माह पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के जीजा ने सेक्टर-58 थाने में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्वी दिल्ली के मंडावली फाजलपुर निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका साला विक्की शर्मा गौर सिटी स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। वह पूर्वी दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर में रहता था। 26 जून की रात करीब आठ बजे वह काम समाप्त करके वह बाइक से घर लौट रहा था। सेक्टर-62 स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

# नोएडा में क्यों हुआ जलभराव, आईआईटी करेगी सर्वे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 23 जुलाई को दो घंटे की बारिश से सड़कों को जलभराव देखने को मिला था। कई सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया था। बताया कि नाले ओवर फ्लो और बैक फ्लो होने से जलभराव हुआ था। भविष्य में ऐसी समस्या नहीं होगी। इसके लिए नालों को चौड़ा किया जाएगा। जितने भी जल निकासी पाइंट और बॉटलनेक पाइंट है। उन सभी में सुधार कराया जाएगा। इसके लिए आईआईटी जैसी संस्था से पूरे ड्रेनेज सिस्टम का सर्वे कराया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद ड्रेनेज सिस्टम में सुधार होगा।

बता दे 23 जुलाई को नोएडा के एपी वन, टू, थ्री मार्ग, जोनल रोड नंबर-6, सेक्टर-55, 56, 57, 58, 60, 62 एवं 63 में जलभराव की समस्या हुई थी। इसके अलावा फेज-2 में भी जलभराव हुआ था।

इसके बाद अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण भी किया था। हालांकि पानी ज्यादा देर तक सड़कों पर नहीं रुका। सबसे ज्यादा दिक्कत खोड़ा लेबर चौक के पास हुई। अधिकारियों ने बताया कि यहां नाले में पानी जाने का फ्लो बहुत कम था। साथ ही यहां बैक फ्लो हुआ था।

**इन पाइंट पर आईआईटी करेगी सर्वे:** सेक्टर-60 की ओर से आने वाले मुख्य नाले के पानी का फ्लो सही पाया गया, लेकिन नाले पर बनी कल्वर्ट यानी पुलिया की पाइप से आगे पानी का फ्लो धीरे पाया गया। इस पर कल्वर्ट की मैपिंग करा कल्वर्ट को ठीक कराया जाएगा। जोनल रोड नंबर-6 के साथ बने मुख्य नाले से फ्लोटिंग मटेरियल साफ कराया जा रहा है।सेक्टर-1 से 8, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 62 एवं 63 में निर्मित कल्वर्ट का लेवल नीचा है। ऐसे कल्वर्ट का निरीक्षण कर चिह्नित कर लिया जाए। इन सभी पाइंट का सर्वे आईआईटी जैसी संस्था करेगी। साथ ही नालों को कैसे चौड़ा किया जाए इसकी रिपोर्ट देगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# मुठभेड़ के दौरान गोली से घायल गोकश पुलिस के हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गोकशो को धरदबोचा। पकड़े गए दो गोकश पुलिस की गोली से घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से जिंदा गोवंश, कटा हुआ मास एवं गोकशी के उपकरण बरामद किए। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव मानकी निवासी शमीम के घेर पर छापेमारी की जहां पर गोकशी कर रहे गोकशो ने पुलिस को देख मीरगपुर गांव के जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो अपने आपको घिरता देख एक गोकश ने तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास कर रहे दो गोकशो मोनू उर्फ शाहरुख और ताबिश पुत्र शमीम को पेर में गोली मारकर लंगड़ा करते हुए दबोच लिया। पुलिस ने मौके से गोकशी में शामिल गांव के ही शमीम पुत्र अय्यूब, वसीम पुत्र राशिद को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, जिंदा कारतूस के अलावा जिंदा गोवंश, कटा हुआ मास और गो. कशी के उपकरण भी बरामद किए हैं। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि पकड़े गए घायल गोकशों को उपचार के लिए देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया गया है। चारों आरो. पियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के अंतर्गत गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम एवं अवैध हथियार रखने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि आरो. पियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## नहर में डूबने से मजदूर की मौत

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के चंदक हेड के पास एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक कामेश पुत्र यशपाल की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक योगानुकूल कृषि फार्म भागूवाला में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार को दोपहर के समय घटी जब कामेश अपने साथियों अनिल व चिंटू के साथ खेत की सिंचाई के लिए नहर से पानी खींच रहा था। गर्मी के चलते तीनों ने नहर में नहाने का फैसला किया। कामेश ट्रैक्टर की छत से कूदते वक्त संतुलन खो बैठा और चोट लगने से वह बेहोश होकर डूब गया। साथी युवक उसे नहाता समझकर चले गए। जब वह दोपहर तक नहीं लौटा तो परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन रात तक सफलता नहीं मिली।

# सपाइयों ने देवबन्द पहुंचने पर कमाल अख्तर का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सपा के विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन काल में जनहित का कोई कार्य नहीं हुआ है। इसलिए वह धर्म, जाति एवं बिरादरी की राजनीति कर देश वासियों को असली मुद्दों से भटकाना चाहती है। लेकिन अब जनता भाजपा की नीति को समझ चुकी है। आने वाला समय इण्डिया गंठबंधन का है।

कमाल अख्तर सहारनपुर में पीडीए के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते रोहाना टोल प्लाजा पर पूर्व विधायक माविया अली के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों की माला पहनाकर स्वागत किए जाने के उपरांत मीडिया से बात कर रहे थे उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे और एसआईआर से ध्यान भटकाने को भाजपा सपा मुखिया





अखिलेश यादव के दिल्ली पॉर्लियमेंट मस्जिद में बैठने को मुद्दा बना रही है। जबकि साफ है कि इस्लाम में ऊंच, नीच और जात बिरादरी का कोई फर्क नहीं है। सबको बराबरी का हक दिया गया है। मस्जिद अल्लाह का घर है, जहां कोई भी जा सकता है। मुद्दों से ध्यान भटकाने को भाजपा बिना वजह इसे तूल देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन में उत्तर प्रदेश के अंदर समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा दल है। सभी दलों को सपा का साथ देना चाहिए। उन्होंने जनपद में कांग्रेस और सपा के बीच चल रही तकरार के सवाल पर कहा कि जहां बर्तन ज्यादा होते हैं वहां खनकने की आवाज सुनाई ही देती है। आसपा प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने पर उन्होंने कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। उन्होने कैराना सांसद इकरा हसन पर टिप्पणी करने वाले करनी सेना के उपाध्यक्ष योगेंद्र राणा को जानवर करार दिया। कहा कि बहन, बेटी किसी की भी हो सभी को उनका सम्मान करना चाहिए। रोहाना टोल प्लाजा पर पूर्व विधायक माविया अली के नेतृत्व में स्वागत करने वाले सपा प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, फरहाद गाड़ा, अमित गुर्जर, हैदर अली, नगराध्यक्ष रमजानी कुरैशी, शाहनवाज मलिक, आसिफ खान, मुल्ला फुरकान, मुदस्सिर सिद्दीकी, आदि सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शिक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में एसटीईएम आधारित समावेशी शिक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओ ने बच्चों की रूचि के अनुसार उन्हे व्यवाहारिक दुनिया से जोडने के टिप्स दिए।

द दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागंण में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में एसटीईएम आधारित समावेशी शिक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ सीमा शर्मा क्वालिटी हेड अर्चना शर्मा, उपप्रधानाचार्य तनु कपिल ने संयुक्त रूप से किया। एप्रीसिऐशन कमेटी के सदस्य एवं नचिकेता स्कूलस की उपप्रधानाचार्य जसबीर कोर, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल



देहरादून की प्रधानाचार्य गरिमा शर्मा, जवाहर नवोदय विद्यालय मिर्जापुर के प्रधानाचार्य राजकुमार ने केस स्टडीज एवं प्रजेंटेशन के माध्यम से एसटीईएम आधारित शिक्षा पद्धति की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखना चाहिए। बल्कि उन्हे समस्या समाधान तर्क, प्रयोग एवं अनुसंधान आधारित शिक्षण के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। जिससे बच्चों में विज्ञान, गणित, तकनीक एवं इंजी. नियरिंग सीखने की क्षमता पैदा की जा सके। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ सीमा शर्मा ने कहा कि आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं होना चाहिए। बल्कि बच्चों में तार्किक चिंतन रचनात्मक दृष्टिकोण व अनुसंधान क्षमता का विकास भी समान रूप से अवश्यक होना चाहिए। उन्होने कार्यशाला में सहयोग देने वालों का धन्यवाद किया।

# विद्यार्थियों को दिलाई उत्तरदायित्व की शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बेनिसन स्कूल में इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने नई जिम्मेदारियों के साथ शपथ ग्रहण की। हेड बॉय जैफ एवं हेड गर्ल अक्सा को चुना गया।

बेनिसन स्कूल प्रागंण में आयोजित समारोह में जैफ, अक्सा, हिमालय हाउस कैप्टन रुद्र पंवार, वाइस कैप्टन अरफात, अरावली हाउस कैप्टन अहमद रजा, वाइस कैप्टन अर्श, नीलगिरी हाउस कैप्टन उमर, वाइस कैप्टन फैसल, शिवालिक हाउस कैप्टन अनंत, वाइस कैप्टन सादान मुकीम के अलावा साद, जैद, अब्दुल मालिक, अब्दुल हफीज, अयमन, आतिफ को उनके पद और उत्तरदायित्व की शपथ दिलाई गई। जबकि आहिल, खदीजा, हिबा, नमरा, अनाबिया, हमना, अक्दस, अली अहमद और काशिफ को कक्षा मॉनिटर बनाया गया। स्कूल प्रबंधक डॉ. शाइस्ता चौधरी व नदीम चौधरी ने छात्रों को बधाई देते हुए पढ़ाई के साथ ही सभी जिम्मेदारियां निभाने को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने विद्यार्थियों को




कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# बाल विकास एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एकेडमी में 'बाल विकास एवं भावनात्मक कल्याण' विषय पर कार्यशाला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न वेशभूषाओं में सजे नन्हें बच्चों ने सबका मन मोह लिया। दून हिल्स एकेडमी सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला में अनस अहमद ने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास, सहानुभूति और सकारात्मक सोच तभी विकसित होती है जब उन्हें एक सुरक्षित, स्नेहमयी और समझदारी भरा वातावरण मिले। इसमें स्कूल टीचर और अभिभावकों ने भाग लिया। वहीं, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में यूकेजी के बच्चों ने डॉक्टर, शिक्षक, फौजी, पुलिस ऑफिसर, आदि पात्रों



का रूप धारण किया। साथ ही नर्सरी एवम एलकेजी के बच्चों ने फल, सब्जियां और फूलो का रूप धारण किया। नन्हें बच्चों की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय चेयरमैन डा. प्रदीप वर्मा, डायरेक्टर तनुराज व प्रिंसिपल डा. अंजलि वर्मा ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रीना, अर्चना, विचित्रा, भावना, अभिषेक, पारुल, दीपाली, श्रेया, गुलिस्ता, पूजा, अंशिक, सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने की खाले पर पुल बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बचीटी गांव में बरसात के पानी में बहकर हुई दो बच्चों की मौत के बाद खाले (नदी का छोटा रूप) पर पुल बनाने की मांग जोर पकडने लगी है। ग्रामीणों ने इस मामले में प्रदर्शन किया। वहीं, स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर खाले पर पुल का निर्माण कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने खाले पर पुल निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए कहा कि पिछले 50 सालों से गांव से नन्हेड़ा टिपटान को जोडने वाले पुल और मार्ग निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। बरसात के समय जहां उनकी फसलें पानी में डूब जाती है वहीं, पुल नहीं होने से बरसात के पानी में बहने से कई लोगों की मौत



हो चुकी है। चार दिन पहले भी दो बच्चे खाले में जा गिरे थे और बरसात के तेज पानी के बहाव में बह गए थे। अगले दिन सुबह उनके शव बरामद हुए थे। कहा कि यदि उक्त स्थान पर पुल होता तो दो मासूमों की जान नहीं जाती। ग्रामीणों ने जनहित में पुल का निर्माण कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है। इस दौरान पूर्व प्रधान मुकेश त्यागी, इरशाद, साहिब, मुदस्सिर, साहिल, प्रिंस समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। उधर, एसवीएम माडल स्कूल के बच्चों ने मुख्यमंत्री के पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने सीएम से गुहार लगाते हुए कहा है कि बरसात के समय उत्तराखंड की ओर से आने वाला पानी बड़ी दिक्कत खड़ी करता है, जिसके चलते वह स्कूल नहीं जा पाते है और हर समय हादसे का खतरा बना रहता है।

## बंद घर में युवक का शव मिला

**नजीबाबाद।** आज सुबह नगर की पालोमल कालोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का उसी के बंद घर में शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला।

आज सुबह थाना पुलिस को पालोमल कालोनी में 25 वर्षीय युवक दिलशाद उर्फ बाबू के अपने घर में बंद होने तथा रात को सोने के बाद सोकर न उठने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़ा तो युवक बाबू वहां मृत अवस्था में चारपाई पर सीधा लेटा हुआ था तथा उसके सिर में चोट के निशान थे। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर सील कर दिया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

# आरबीडी में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न

## नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महाविद्यालय के पावन प्रांगण में नव प्रवेशित छात्राओं हेतु छह दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पारुल त्यागी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू चौधरी, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू अरोड़ा एवं कार्यक्रम समन्वयक एवं चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. नीरू द्वारा सामूहिक रूप से मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए संगीत



विभाग द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी गई।

तत्पश्चात गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम द्वारा संबोधित किया गया। इस संबोधन को छात्राओं को लाइव दिखाया एवं सुनवाया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं के भीतर जोश व ऊर्जा भरते हुए कहा कि सपने वह नहीं होते जो रात में देखे जाए, सपने वह होते हैं, जो दिन में देखे जाए। उन्होंने कहा कि छात्राओं का उद्देश्य सिर्फ डिग्री पाना ही नहीं है, बल्कि देश को एक सही दिशा भी देना है। कक्षा-कक्ष ऐसे हो जहां अधिक से अधिक संभावनाएं पैदा हो सके। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक एक चेतना है, वह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं। वह छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करता है।

अपने वक्तव्य में उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा को जीवन और संस्कार से जोड़ेंगे, तो अवश्य ही सफलता मिलेगी। उन्होंने एक सांस्कृतिक व भौतिक युग का आह्वान किया। जिसका आधार ज्ञान सेवा वह नवाचार को बताया। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पारुल त्यागी ने सभी नव प्रवेशित छात्राओं के साथ बातचीत की वह महाविद्यालय में उनका स्वागत किया व उन छात्राओं की प्रशंसा की, जो महाविद्यालय की वेशभूषा में आई थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा दिये गये उद्घोषण में उनके द्वारा की गई सभी अपेक्षाओं पर हम खरा उतरेंगे और शालिन आचरण को अपने जीवन में उतारेंगे। हमारा व्यवहार ऐसा हो, जो हमारी संस्कृति व वातावरण को झलकाए। उन्होंने छात्राओं को कठिन परिश्रम करने वह समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय आपका है, इसको स्वच्छ रखें क्योंकि विद्यालय भी एक मंदिर होता है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीरू द्वारा छात्राओं को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र व शिक्षक एक सिक्के के दो पहलू है। इसके बाद सभी नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरण किया गया। प्राचार्य ने समस्त नवप्रवेशित छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से फोटो ली। कार्यक्रम का सुंदर संचालन डॉ. अनु रानी द्वारा किया गया।



**मुजफ्फरनगर: पार्टी कार्यालय पर संविधान मान स्तंभ दिवस पर सपाईयों के साथ सांसद इकरा।** **( संबंधित खबर पेज 3 पर )**

# वन विभाग शामली द्वारा सहजन पौध वितरण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृक्षारोपण महाअभियान-2025 के अंतर्गत, माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 26 जुलाई 2025 को शामली वन प्रभाग द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खंडों . शामली, कांधला, कैराना, ऊन एवं थानाभवन में सहजन पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी परिवारों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिससे पर्यावरणीय संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों को



पोषण व आर्थिक रूप से भी सशक्त किया जा सके। इस अवसर पर कुल 208 लाभार्थियों को दो-दो पौधों के हिसाब से कुल 416 सहजन पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को सहजन पौधे के औषधीय, पोषण एवं आर्थिक महत्व के विषय में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई, साथ ही पौधों की देखभाल, उचित रोपण पद्धति तथा जैविक उर्वरक उपयोग संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित हो सके। सहजन एक बहुउपयोगी वृक्ष है जो ग्रामीण परिवेश में पोषण, स्वास्थ्य, आयवृद्धि एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए अत्यंत उपयोगी माना जाता है। इसकी पत्तियों, फली, बीज व जड़ों में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, तथा विटामिन्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो कुपोषण से ग्रस्त परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। इसके अतिरिक्त सहजन की फली एवं पत्तियां स्थानीय बाजार में बिक्री हेतु उपयुक्त होती हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। इसके बीज से तेल निकालकर आयुर्वेदिक एवं औद्योगिक उपयोग में लाया जा सकता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। पर्यावरणीय .ष्टिकोण से यह वृक्ष तेजी से बढ़ने वाला, जल संरक्षण में सहायक, कार्बन अवशोषणकर्ता तथा मृदा कटाव को रोकने वाला सिद्ध होता है।शामली वन प्रभाग द्वारा चलाया गया यह कार्यक्रम न केवल पौध वितरण तक सीमित रहा, अपितु लाभार्थियों को पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक कर 'हरित ग्राम.समृद्ध ग्राम' की अवधारणा को व्यवहार में उतारने की दिशा में एक सशक्त प्रयास रहा। जनसहभागिता आधारित इस कार्यक्रम में ग्रामीण समुदाय की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वृक्षारोपण एक अभियान न रहकर ग्रामीण जीवनशैली का स्थाई हिस्सा बने।

## आईटीआई की परीक्षाएं 28 से

**बिजनौर।** जनपद में संचालित चार राजकीय एवं 21 निजी आईटीआई की अखिल भारतीय व्यावसायिक सीबीटी परीक्षाएं 28 जुलाई से जनपद में राजकीय आईटीआई में प्रारंभ होगी, जो 22 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस परीक्षा में 4060 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा सुचारू पूर्वक एवं नकल विहीन कराने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक एवं पुलिस बल की व्यवस्था कर दी गई है। परीक्षा विभागीय नियमानुसार कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर राजकीय आईटीआई के कार्यदेशक एवं वरिष्ठ अनुदेशक भी तैनात रहेंगे। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थी अपने साथ ऑनलाइन निकला हुआ प्रवेश पत्र तथा फोटो युक्त आईडी जैसे आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएंगे। इसके अभाव में उन्हें परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सामग्री इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कैलकुलेटर इत्यादि परीक्षा केंद्र पर लाने की अनुमति नहीं होगी।

## पिकअप वाहन चालक से मारपीट

**नहटौर।** ग्राम बच्चावाला में एक पिकअप वाहन चालक के साथ कहासुनी को लेकर दो युवकों ने मारपीट की। घायल युवक के द्वारा शोर मचाने पर आरा. पी मौके से फरार हो गए। ग्राम जमालपुर निवासी सोमपाल पुत्र कल्लू कमालपुर से अपने पिकअप द्वारा ग्राम बच्चेवाला पहुंचा। वहां से गिलाड़ी से मछली का बीज उठाने के लिए जा रहा था।


थानाभवन


शामली बीएसएम


शामली रोटरी क्लब


शामली जैन कन्या इंटर कॉलेज

# नन्हे बच्चों व महिलाओं ने जिलेभर में धूमधाम से मनाया तीज महोत्सव

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** हरियाली तीज महोत्सव पर विद्यालयो मे सास्कृतिक कायक्रमो का आयोजन कर पर्व मनाया गया,लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें प्ले, नर्सरी व के जी बच्चे रंगीन परिधान पहनकर स्कूल आए और रैंप वॉक व ग्रुप डांस में भाग लिया जिसमें क्लास नर्सरी से अभिमन्यु और नायरा तीज किंग व तीज क्वीन चुने गए, क्लास के जी से हानियां तीज क्वीन चुनी गई।

क्लास फर्स्ट के बच्चों के लिए रैंप वॉक और तीज क्विज का आयोजन किया गया जिसमें मानया तीज क्वीन चुनी गई क्लास सेकंड से फिफ्थ तक के बच्चों के लिए ज्वेलरी मेकिंग, कड़ा मेकिंग, फोटोफ्रेम मेकिंग और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी माता के लिए सुंदर-सुंदर ज्वेलरी, फोटो फ्रेम और झूमर आदि बनाए। क्लास 6 से 8 है तक की बालिकाओं के लिए मेहंदी कंपटीशन रखा गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और सुंदर-सुंदर मेहंदी लगाकर सभी का मन मोह लिया इस प्रोग्राम में सभी बच्चे लोकगीतों पर थिरके, प्रोग्राम में स्कूल की प्रधानाचार्य मती पूजा राणा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा बच्चों को घेवर और मिठाइयां बांटी।

होली मदर अकैडमी में सभी

अध्यापिकाएं अध्यापिका व छात्राओं ने सुंदर कार्यक्रम किया और अपनी पूर्ण आस्था से भगवान शिव से सुख समृद्धि की प्रार्थना की इसी बीच स्कूल प्रबंधक संगीत गोयल ने बच्चों व समस्त अध्यापिकाओं को 30 त्यौहार के विषय में बताते हुए हरियाली तीज का महत्व समझाया कि जब सावन में संपूर्ण प्रकृति हरि ओढ़नी से अच्छादित होती है,जो सुख, समृद्धि का प्रतीक है । और ऐसा माना जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी इसी उपलक्ष्य में हरियाली तीज का त्योहार प्रतिवर्ष मनाया जाता है। और प्रबंधक संगीत गोयल ने शिक्षण पाठड्क्रम के साथ-साथ सामाजिक धार्मिक सभी प्रकार के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए बच्चों को प्रेरणा दी। सभी छात्राओं ने अद्भुत प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया वह हरियाली के पावन तीज त्योहार पर निम्न छात्रों ने भाग लिया ताजिया, अवनी शगुन अनुष्का आरुषि जज आयशा आराध्या मानवी वालिया अभिया, सदिया और इशिका मानवी नारंग तीज क्वीन घोषित की गई। अन्य सभी छात्रों को प्रबंधक जी उपहार देते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रधानाचार्य सुभाष आर्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और आगामी समय में भी होली मदर अकैडमी हमेशा सभी प्रकार की शिक्षा देने में प्रतिबद्ध है और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे शिखा राणा अंजू रानी मंजू रानी ललिता रानी अनुष्का रानी नेहा अग्रवाल साक्षी रानी सोनिया,स्वाति,आदि सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल प्रांगण में हरियाली तीज के पावन अवसर पर हरियाली उत्सव एवं फेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा। शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा किया गया। त्पश्चात विद्यालय में आयोजित हरियाली तीज के पावन अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए अल्फाबेटिकल ग्रीन थीम रैंप वॉक, पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में बच्चे हरे रंग की थीम के अनुसार विभिन्न वस्तुओं और जीवों की पोशाकों में सज कर मंच पर रैंप वॉक करते हुए उपस्थित हुए। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपनी रचनात्मक, आत्मविश्वास और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। नर्सरी कक्षा के छात्र ऋषभ ने मगरमच्छ का भेष धारण करते हुए शानदार प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अक्षिता रही, जिन्होंने नाशपाती बनाकर सबका ध्यान अपनी और आकर्षित किया वहीं दक्ष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में वॉरियर हाउस प्रथम, अवेंजर हाउस द्वितीय और इनोवेटर हाउस तीसरे स्थान पर रहा। हरियाली तीज के अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए फेशर पार्टी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता, सौहार्द और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया।

**शामली।** रोटरी क्लब शामली स्टार्स द्वारा गत शुक्रवार देर रात्रि शहर के दिल्ली रोड़ स्थित एक बारातघर में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें क्लब की 45 फैमिली की सभी महिला सदस्यों ने भाग लिया।

क्लब की फर्स्ट लेडी ऑफ क्लब मनिता गर्ग के तत्वाधान में बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। क्लब की महिलाओं के लिए तरह-तरह के गेम्स रखे गए। कार्यक्रम संयोजिका डा। नीलम शुक्ला, राशि आर्य ने सभी को हरियाली तीज की महत्वता एवं उसकी जानकारी प्रदान की। मौके पर मनीता गर्ग, नीलम शुक्ला, अनामिका जैन, शिवानी तायल ने प्रतियोगिता का आयोजन कराया। विजेता महिलाओं को आकर्षक उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम में रशिवानी तायल, मनीषा तायल, स्वाति तायल, सुगंधा बंसल, देविका चौधरी, हिना तायल, पिंकी गर्ग, प्रिया मित्तल, अंचल बंसल, साक्षी जैन, इति जैन, रिया जैन, प्रियंका ऐरन, प्रिया मित्तल, रिधि गोयल, अर्चना आदि मौजूद रही।

**शामली।** शहर के जैन कन्या इंटर कालेज में शनिवार को तीज महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंतर सदन प्रतियोगिता रही। प्रधानाचार्या डा। रूचिता ढ़ाका ने बताया कि छात्राओं ने एक दूसरे को मेहंदी लगाई। जिसमें गार्गी सदन से अलीशा प्रथम, गार्गी सदन से ही बुशरा द्वितीय, अपाला सदन से सानिया तीसरे स्थान पर रही। उन्होने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हरियाली तीज का उत्सव महिलाओं का उत्सव है। यह श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय को मनाया जाता है। जब सम्पूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से अच्छादित होती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे कजली तीज के रूप में भी मनाया जाता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में निधि जैन, हरविन्द्र कौर, अल्का संगल रही। मौके पर इंदू शर्मा, मुन्नी सिंह, पूजा मित्तल, बीना रानी, मोनिका बंसल आदि मौजूद रही।

**शामली।** भारतीय योग संस्थान द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार सवेरे शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में तीज महोत्सव का आयोजन पारंपरिक हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग केंद्र प्रमुख शिमला पांचाल ने किया, जो स्वयं महिलाओं को नियमित रूप से योग का प्रशिक्षण देती हैं। तीज के इस अवसर पर लोकगीतों, पारंपरिक नृत्य, खेलों और श्रृंगार प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस दौरान तीज क्वीन का ताज सुमन निर्वाल और राकेश निर्वाल को प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर शिखा, मृदुला जैन, जुली, रुचि अंजलि, मुकेश, सपना, सुनीता, सरिता, ममता, सरला आदि मौजूद रही।

**शामली।** शनिवार को शहर के रॉक गोल्ड अकादमी में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हरे रंग के सुंदर कपड़े पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया।

शनिवार को शहर के रॉक गोल्ड अकादमी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिता सिवाच ने किया। तीज महोत्सव पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और सबने आइसक्रीम पार्टी का आनंद लिया। विद्यालय परिसर में झूले लगाए गए, जिनका बच्चों ने खूब आनंद लिया। प्रधानाचार्या अनीता सिवाच एवं अध्यापिकाओं ने बच्चों को तीज महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। पूरा वातावरण गीत-संगीत और खुशियों से सराबोर रहा। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुनील गोयल, शिखर गोयल आदि मौजूद रहे।

**झिंझाना।** क्षेत्र के स्कूलों में हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस कंपटीशन आदि का आयोजन किया गया।

सेंट आरसी स्कूल पिंडौरा में कक्षा तीन से कक्षा 12वीं तक के अधिकांश छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जूनियर वर्ग में अनुप्रिया, शिवानी, ख्याति तथा सीनियर वर्ग में काव्य, रुद्राक्षी तथा अनुष्का ने क्रमश प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर जिसमें प्ले से कक्षा 2 तक के छात्रों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लड़कों में गर्वित, अविक की ड्रेस मनमोहक रही। लड़कियों में प्रणवी काशी वीरा, लवि आदि ने मनमोहक ड्रेस पहनकर सभी को अपनी ओर आकर्षित किया।

विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी, सुमन चौधरी, दीपा चौधरी, प्रिया गोयल , वर्षा, प्रीति चौधरी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

डीएवी पब्लिक स्कूल एवम् डी ए वी किड्स जोन में हरियाली तीज का उत्सव ग्रीन डे के रूप में मनाया गया, जिसमें नन्हें मुन्ने ग्रीन कलर की वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल प्रबंधक आशीष मित्तल ने दीप जलाकर किया साथ ही बच्चों को तीज के त्यौहार का महत्व बताया साथ ही अपने आस पास का वातावरण हरा भरा रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या रेशू बेदी के साथ अध्यापिका नीतू कश्यप, दर्खशा सिद्दीकी, फरहीन सिद्दीकी प्रेरणा राजवंशी, सोनिया आदि का विशेष सहयोग रहा।



झिंझाना


शामली योग संस्थान


गढ़ीपुख्ता


कैराना

एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में हरियाली तीज पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक वर्ग में अनुसूया प्रथम, रिया द्वितीय तथा गुरवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में मानवी प्रथम, अमृता द्वितीय तथा यश तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में जिया प्रथम, आइशा द्वितीय तथा प्रीतम तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर चेयरमैन लोकेश तोमर सहित ऋतिक चौहान सुमित चौहान संस्कार सिंघानिया राधिका, अलका सैनी, प्रियंका राठी, स्वाति गर्ग, पूजा मित्तल, पंकज गर्ग, भुज्वीर आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

बलवती देवी कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के आयोजन में जूनियर वर्ग में रानी ने प्रथम व आईना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में रुखसार प्रथम व राखी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।सभी अध्यापिकाओं व छात्राओं ने झूला झूलकर तीज का त्यौहार मनाया इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

डी सेंट पब्लिक स्कूल झिंझाना में हर वार्ष की भाती इस वर्ष भी हरियाली तीज महोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया कक्षा प्रथम से तीन के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कक्षा चतुर्थ से 12 तक मेंहदी कंपटीशन का आयोजन किया गया यू के जी नर्सरी के बच्चों ने ड्रेस कांतिशन में भाग लिया इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को धन्यवाद किया।

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज के त्यौहार के उपलक्ष में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन हाजी नसीम कुरैशी द्धएडवोकेटत्र्न ने की। उन्होंने कहा कि भारत विविध संस्कृतियों का देश है,जिसमें सभी व्यक्ति आपस में मिलजुल कर प्रेम पूर्वक विभिन्न प्रकार के त्यौहार मनाते हैं,जो भारतीय संस्कृति की एक अनूठी पहचान है,जो विश्व में हमारे देश को अलग पहचान देती हैं। जो आपस में भाईचारे की भावना उत्पन्न करती है,आदि शब्दों के साथ चेयरमैन ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल नौशाद ने बच्चों को प्रतियोगिता में भागीदारी लेने पर प्रोत्साहित किया और बच्चों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने के महत्व को समझाया। जो कि बच्चों के सर्वांगिक विकास के लिए एक अहम भूमिका निभाता है।

बच्चों ने विभिन्न - विभिन्न प्रकार के डिजाइनों को हाथों पर मेहंदी के द्वारा बनाया। प्रतियोगिता में मेहंदी के बहुत ही आकर्षक और सुंदर डिजाइन बनाए गए। जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को भी बहुत ही खुशी और उत्साह का अनुभव हुआ। भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक फैसल कुरैशी ने बच्चों के मेहंदी के डिजाइनों को देखकर उनकी बहुत प्रशंसा की और भविष्य में भी बच्चों को इसी प्रकार से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कि यह बच्चे के लिए एक अवसर के रूप में आता है,जिसमें बच्चों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

क्योंकि यह उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के सचिव मुशब कुरैशी ने बच्चों के सुंदर मेहंदी के डिजाइनों की प्रशंसा की और भविष्य में बच्चों को अपने इस कौशल को और अधिक विकसित करने की सलाह दी। इस अवसर पर भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के सचिव मुशब कुरेशी, प्रिंसिपल नौशाद, वाहाब, प्रदीप, आयुष, आंचल, राधे, प्रियंका, प्राची, मेहरदीन, विशाल, आजाद सिंह आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ी अब्दुल्ला खान स्थित एसडीएस पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए रंगारंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

विद्यालय में ग्रीन ड्रेस, मेहंदी और ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीन ड्रेस प्रतियोगिता में अनाया, अलियार, लुभाबा, अमूल्या, अमायरा, सार्थक, हलीमा, अतुबा, अर्पित, वेदिका, वंश, जोया, वैष्णवी, दक्षिता और आराध्या ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में अवनी, अब्दुस समद, मितुल, दीपाली और मनुज ने प्रतिभा दिखाई। मेहंदी प्रतियोगिता में रितु, यशस्वी, रूमान, किंजल, कनक और सना ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से वासर चौहान, प्रधानाचार्य फिरोज चौधरी, निक्की चौधरी, रूबी निर्वाल, नीरज देओल, सपना सैनी और अंजली चौधरी मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक प्रफुल्ल राय की जयंती व तीज महोत्सव मनाया

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज व भारतीय वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती के उपलक्ष में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शनिवार को प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार व गीता रानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय की बालिका अदिति व दिव्या ने हरियाली तीज से संबंधित लोकगीत प्रस्तुत किया। गीता रानी ने कहा कि यह भगवान शिव और पार्वती के पुनर्मिलन की खुशी में मनाया जाता है। इस तिथि के दिन मां पार्वती ने बरसों की कड़ी तपस्या के उपरांत भगवान शिव को प्राप्त किया। इस दिन महिलाएं उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना करती हैं। झूला झूलती हैं और लोकगीतों का आनंद लेती हैं। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 व 12 की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालिकाओं ने हृदय, चंद्रयान, कृत्रिम उपग्रह और परमाणु जैसी आकृतियां रंग-बिरंगे रंगों से तैयार की जिसमें राधिका शगुन ने प्रथम, हंसा अनुष्का ने द्वितीय, अंशिका, रुखसार, श्रुति, वंशिका, दिव्या, वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार एवं विज्ञान विभाग के प्रमुख संजीव कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमित कुमार, मोहित कुमार, विकास कुमार, दिव्या रानी, उपासना, सुरभि, संदीप, कविता, अनीता, कपिल, अश्विनी, राहुल, धर्मेंद्र, पंकज, मोनिका, साक्षी आदि मौजूद रहे।

## हरियाली तीज पर छात्राओं ने लगाई सुंदर मेहंदी

**कैराना।** हरियाली तीज के अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के विद्यालयों में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने मेहंदी के पारंपरिक डिजाइनों का शानदार प्रदर्शन किया।

शनिवार को कस्बे की टीचर्स कॉलोनी में स्थित डीके कॉन्वेंट स्कूल में हरियाली तीज के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की कक्षा छह से आठ तक की छात्राओं ने उत्साह एवं परिश्रम के साथ में प्रतिभाग किया। विद्यालय निदेशक गीता रानी व दीपिका गुप्ता निर्णायक मंडल में शामिल रही। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पारुल शर्मा, पूजा कौशिक, आरती शर्मा, ईशिका सैनी, तनु सैनी आदि अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिता में काव्या व महक ने प्रथम, इकरा सैफी व अरीशा ने द्वितीय तथा वरनिका, मुनाहिल, इरम, आयशा, मिष्ठी व नमरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय चेयरमैन राजकुमार सेन ने बच्चों को हरियाली तीज की जानकारी प्रदान की। समन्वयक शान्तनु राज ने छात्र-छात्राओं को बताया कि एक्स्ट्रा एक्टिविटी में भाग लेने से उनके कौशल का विकास होता है। विद्यालय प्रबंधक संजीव गोयल ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, ब्लॉक क्षेत्र में स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल शेखूपुरा में भी ग्रीन डे एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ग्रीन डे से हुई, जिसमें बच्चों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर भाग लिया और अपने साथ हरी सब्जियां, फल अथवा हरे रंग का प्राकृतिक व्यंजन लेकर आए। शिक्षकों ने बच्चों को हरी सब्जियों, फलों और पेड़ों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्हें प्रकृति से जुड़ाव और हरियाली के संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद, कक्षा तृतीय से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने पारंपरिक और आकर्षक डिजाइनों की मेहंदी लगाकर अपनी कला व सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य निखिल कुमार ने बच्चों को एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूल प्रबंधक सुखपाल सिंह चौहान के अलावा एक्टिविटी को-ऑर्डिनेटर अलका शर्मा व चारों हाउस प्रभारी सुमित शर्मा, दीपक कुमार, संगीता गुर्जर और सोनिया राठी उपस्थित रहे। उधर, कस्बे में स्थित लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक विभाग की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से मेहंदी के पारंपरिक डिजाइनों का निर्माण किया। प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम, अन्नपूर्णा ने द्वितीय तथा प्रेरणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने छात्राओं को हरियाली तीज के अवसर पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने मेहंदी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की करीब 30 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### एक नजर

## मां शाकुंभरी देवी मंदिर में विशाल महा आरती आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा अट्ठे वाला मंदिर मैं एक महा आरती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान शिव कुमार तायल पत्नी अर्चना तायल और विजय संगल सपरिवार रहे पंडित प्रदीप पांडे ने विधि विधान के साथ महा आरती कराई जिसमें आसपास के सभी भक्त जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा माता रानी का गुणगान किया आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को माता का प्रसाद और श्रंगार का सामान भी वितरित किया गया समान पाकर सभी भक्तजन बहुत प्रसन्न हुए और सभी ने समिति के पवित्र कार्य की प्रशंसा की अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह शुक्ल पक्ष संस्था द्वारा कराई जाती है अंत में उन्होंने सभी भक्तजनों को धन्यवाद दिया इस मौके पर अंजलि गर्ग शालू गर्ग प्रवीण बंसल महेश गर्ग अजय गोयल पुनीत गर्ग अनिल रेनू सुनील अनुराधा आदि उपस्थित रहे।

## इमाम के शव को गमगीन माहौल में किया गया सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** एक दिन पूर्व जलालाबाद में सड़क हादसे का शिकार हुए इमाम के शव को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा निवासी मौलवी आमिर (27) गंदराऊ में स्थित मस्जिद में इमामत का कार्य करता था। विगत शुक्रवार को वह बाइक से देवबंद जा रहा था। जैसे ही शाम करीब पांच बजे वह जलालाबाद में स्थित दिल्ली-यमनोत्री मार्ग पर पहुंचा, तभी उसकी बाइक कार से टकराकर हादसे का शिकार हो गई। बाइक सवार इमाम की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर रात्रि मृतक युवक का शव घर पर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं, शनिवार सुबह मृतक इमाम के शव को गांव के निकट स्थित कब्रिस्तान में गमगीन माहौल के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मृतक इमाम चार भाइयों में सबसे बड़ा बताया गया है। वह डेढ़ वर्ष की एक मासूम

# पुराण का लेखन हमेशा नवीन होता हैः राज राजेश्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शिव महापुराण के पृथम दिन कथा व्यास राज राजेश्वर महाराज ने पुराणों के विषय में वर्णन करते हुए कहा पुराण का लेखन अति पुराना होते हुए भी सदा नवीन होता है। अष्टदस महापुराण संस्कृत वांग्मय की अमूल्य निधि है। यह अत्यंत प्राचीन तथा वेदार्थ को स्पष्ट करने वाले है।

पुराणों की प्रमाणिकता, मंगल मयता तथा यथार्थता का शास्त्रो मे सर्वत्र उल्लेख है। उन्होने कहा वास्तव मे पुराण ही हमारी संस्कृति के सच्चे और आदर्श इतिहास है किसी मानव समाज का इतिहास तभी पूर्ण समझना चाहिए जब उसका इतिवृत सृष्टि के आरम्भ से लेकर वर्तमान काल तक क्रमबद्ध रूप से दिया जाय। अन्यथा अधूरा ही समझना चाहिए।






पुराण वर्णित प्रसंग काल्पनिक नही है वे सर्वथा सत्य है ऋषि प्रणीत ग्रन्थों में वर्णित प्रसंग ऐसे चमत्कार पूर्ण है कि उनके आध्यात्मिक, आधे दैविक, आधिभौतिक - तीनो अर्थ होते है ।पुराणों के रचनाकार किसी दुराग्रह के मोह से मिथ्या को सत्य बनाकर लिखना पाप समझते थे। वे सत्यवादी सत्याग्रही ओर सत्य के प्रकाशक थे वस्तुतः पुराण सर्व साधारण की सर्वांगीण उन्नति और परम कल्याण की साधन सम्पत्ति के अटूट भण्डार है। पुराण ही आध्यात्मशास्त्र ,दर्शनशास्त्र ,धर्म शास्त्र, नीतिशास्त्र ,तंत्शास्त्र,कला शास्त्र है।

पुराण सनातन आर्य संस्कृति स्वरूप ओर वेद का सरलतम् व सरस व्याख्या है। ज्ञान विज्ञान वैराग्य भक्ति ,प्रेम ,श्रद्धा ,विश्वास यज्ञ ,दान, तप, संयम नियम ,सेवा ,भूतदया ,वर्णधर्म, आश्रम धर्म ,व्यक्ति धर्म नारीधर्म ,मानव धर्म,राजधर्म सदाचार व्यक्ति के कर्तव्यों के सम्बन्ध मे विचार पूर्ण कल्याणकारी,अनुभूत उपदेश अतीव रोचक भाषा में लिखे हुए हैं।शिव कथा को सुनकर बिंदुग जैसे पिशाच एवं देवराज ,चंचूला को मोक्ष की गति प्राप्त हुई।

इस अवसर पर सुरेन्द्र गर्ग योगेश तायल सुखपाल नवीन गोयल सचिन गोयल अखिल तायल अमित गोयल आदि सहित बड़ी संख्या मे श्रृद्धालु मौजूद रहे।

# एशिया कप क्रिकेट यूएई में खेला जाएगा

**● 9 से 28 सितम्बर के बीच होगा टूर्नामेंट, आईसीसी चीफ बोले-शेड्यूल जल्द जारी होगा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होगा और फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में होगा। नकवी जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी एशिया कप 2025 अब आधिकारिक रूप से यूएई में 9 से 28 सितम्बर तक खेला जाएगा। यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और हम सभी को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा। शेड्यूल की पूरी जानकारी जल्द साझा की जाएगी। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को आपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए आईसीसी टूर्नामेंट को यूएई में करा रहा है। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। इस साल फरवरी-मार्च में हुई चैंपियंस ट्राफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई थी। भारत के सभी मैच यूएई में कराए गए थे, यही नहीं एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में ही हुए थे। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर खिताब अपने नाम किया था। पाकिस्तान टीम पाकिस्तान की टीम साल 2023 में वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर आफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। 2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीसी और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुक.ाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्राडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं। टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाक का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### निहाल-अखिलेश ने जीता एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिए। मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में निहाल देवाली ने पुरुषों के 63 किलोग्राम और अल्मोड़ा निवासी अखिलेश सिंह ने 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्रमश: पुरुषों के 63 किलोग्राम और 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमें आप दोनों पर गर्व है।

### देव मीणा ने 2025 में तीसरी बार तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**जर्मनी, वार्ता।** भारत के देव कुमार मीणा ने एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के क्वालिफाइंग राउंड में पुरुषों का पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां देव कुमार मीणा ने इस साल कोच्चि में हुए फेडरेशन कप में दर्ज किए अपने 5-35 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए, अपने दूसरे प्रयास में 5-40 मीटर का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह इस साल 20 वर्षीय मीणा ने तीसरी बार भारतीय पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा है। उन्होंने 2025 के राष्ट्रीय खेल में 5-32 मीटर की ऊंचाई पार करने के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जो 2022 में सुब्रमणि शिवा की 5-31 मीटर जंप के साथ उनके नाम दर्ज था।

# तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने जीता कांस्य पदक

**● भारत के लिए यह ऐतिहासिक मौका रहा जिसमें एक ही संस्करण में दो महिला शटलर खेली**

**सोलो, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत का शानदार अभियान तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला द्वारा महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ समाप्त हुआ। यह भारत के लिए ऐतिहा.सिक पहला मौका था, क्योंकि इस प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में दो महिला एकल शटलर पोडियम पर पहुंची थीं।

एक रोमांचक सेमीफाइनल में, वेन्नाला कलागोटला ने चीन की लियू सी या के खिलाफ बहादुरी से मुकाबला किया। दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद, युवा भारतीय खिलाड़ी ने तीन मैच पॉइंट बचाकर स्कोर 18-20 कर दिया, लेकिन आखिरी क्षणों में हुई एक महत्वपूर्ण गलती के कारण लियू ने मुकाबला 21-15, 21-18 से जीत लिया। दूसरे कोर्ट पर, दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त चीन की यिन यी किंग से हुआ। पहला गेम 13-21 से हारने के बाद, तन्वी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, यिन ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 21-13, 21-14 से जीत हासिल की।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त



**● टिम डेविड नाबाद 107 रनों की तूफानी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है**

**बासटेयर, वार्ता।** टिम डेविड (नाबाद 107) की तूफानी शतकीय प्रहार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 23 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है। इसी साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 215 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 87 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। ग्लेन मैक्सवेल सात गेंद में (20) रनआउट हुए। इसके बाद जॉश इंग्लिस (15), मिचेल मार्श (22) और कैमरून ग्रीन (11) रन बनाकर आउट हुए।

ऐसे संकट के समय टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी का मुजा.हिरा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 16-1 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर छह विकेट से जीत दिला दी। डेविड ने केवल 16 गेंदों में तूफानी अर्द्धशतक बनाया जो कि ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 क्रिकेट में अब तक का सबसे तेज अर्द्धशतक है। टिम डेविड ने रिकार्ड 36 गेंदों में 11 छक्के और छह चौकों की मदद से (नाबाद 102) की पारी खेली।

यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से किसी भी बल्लेबाज द्वारा टी-20 में बनाया गया सबसे तेज शतक है। मिचेल ओवेन ने 16 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 36) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिए। जेसन होल्डर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# रूट के निशाने पर अब सचिन का विश्व रिकॉर्ड


**● जो रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए है, टेस्ट में उनसे ज्यादा सिर्फ सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस और रिकी पोंटिग के शतक है**



**मैनचेस्टर, वार्ता।** इंग्लैंड की रन मशीन जो रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक(150) लगाते हुए राहुल द्रविड़ (13,288), जैक कैलिस (13,289) और रिकी पॉन्टिंग (13,378) को एक झटके में पीछे छोड़ा और अब उनसे ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921) के रह गए हैं। रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए हैं।

टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं - तेंदुलकर (51), कैलिस (45) और पॉन्टिंग (41)। कुमार संगकारा के भी रूट के बराबर 38 शतक हैं। अब रूट के नाम टेस्ट में कुल 104 फिफ्टी-प्लस स्कोर हैं। इस मामले में वह पॉन्टिंग और कैलिस (103) से आगे चले गए हैं। अब सिर्फ तेंदुलकर (119) उनसे आगे हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 12 टेस्ट शतक लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक है। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (11) को पीछे छोड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक डॉन ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 19) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13) के नाम हैं। इनमें से 12 में से 9 शतक रूट ने इंग्लैंड में ही भारत के खिलाफ लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा घरेलू मैदान पर किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक है। उन्होंने ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 8) को पीछे छोड़ा। रूट ने इंग्लैंड में 23 टेस्ट शतक लगाए हैं। किसी भी देश में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। रिकी पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया), जैक्स कैलिस (साउथ अफ्रीका) और माहेला जयवर्धने (श्रीलंका) के भी 23-23 शतक हैं। इंग्लैंड में टेस्ट में रूट के 7195 रन हो गए हैं। किसी एक देश में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में वह तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया में 7578 रन) और तेंदुलकर (भारत में 7216 रन) हैं। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 टेस्ट रन बनाए हैं। इस मैदान पर 1000 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। यह उनका दूसरा मैदान है जहां उन्होंने 1000 से अधिक टेस्ट रन बनाए हैं। लॉर्ड्स में उनके 2166 रन हैं। रूट ने अब तक टेस्ट में रवींद्र जडेजा के खिलाफ 588 बनाए हैं। साथ ही वह 37 पारियों में नौ बार आउट हुए हैं। यह किसी बल्लेबाज द्वारा किसी एक गेंदबाज के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड स्टीवन स्मिथ के नाम था। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ 577 रन बनाए हैं।

# ओलंपिक चैंपियन नदीम ने कराई सर्जरी




**नीरज से मुकाबले पर लगा प्रश्नचिन्ह**

**● अरशद नदीम ने आगामी विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया**

**लंदन, वार्ता।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के काफ (पिंडली की मांसपेशी) की सर्जरी कराये जाने के कारण अगले महीने सिलेसिया डायमंड लीग 2025 में नीरज चोपड़ा के साथ होने वाले बहु-प्रतीक्षित भाला फेंक मुकाबले पर अब प्रश्नचिन्ह लग गया है। समझा जाता है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया है। पेरिस 2024 ओलंपिक पुरुष भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता ने हाल ही में कैम्ब्रिज के स्पायर हॉस्पिटल में डॉ- अली बाजवा से अपने राइट काफ पर एक इंटरवेंशनल सर्जरी कराई। नदीम वर्तमान में लंदन में रिकवरी के दौर से गुजर रहे हैं। पोलैंड में 16 अगस्त को होने वाली सिल.सिया डायमंड लीग में भारत और पाक के इन दो सितारों के बीच पेरिस 2024 में उनके ऐतिहासिक मुक.ाबले के बाद पहली भिड़ंत होने की उम्मीद थी, जहां नदीम ने 92-97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो 2020 चैंपियन नीरज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

# सेटअप से बाहर होकर खराब तो लगता है: उमेश

**● यह एक सर्कल है आज मैं बाहर हूं कल कोई दूसरा खिलाड़ी बाहर होगा**

**गुरुग्राम, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जब से आई हैं तब से एक चक्र के बाद दूसरे चक्र में भारत नए खिलाड़ियों को आजमाता दिखा है। अलजक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, इशांत शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने अभी तक संन्यास नहीं लिया है लेकिन अब वह भारतीय सेटअप से बाहर ही हो गए हैं।

ऐसे ही एक तेज गेंदबाज़ उमेश यादव भी हैं, जिन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपना पिछला टेस्ट खेला था। गुरुग्राम में पिकलपॉक्स खेल के एक इवेंट में पहुंचे उमेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से बातचीत में कहा कि हर किसी को सेटअप से बाहर होना खराब लगता है।, लेकिन यह एक सर्कल है, आज मैं बाहर हूं कल कोई बाहर होता है, जो बदलाव आने हैं, वह तो आने ही है। लाइफ हमेशा ऐसे नहीं चलती है, सबके साथ ही ऐसा होता है। हम पहले साइकिल से चलते थे, लेकिन अब हवाई जहाज से सफर कर रहे हैं। ऐसे में कोई नया लड़का आएगा तो सीनियर को बाहर जाना होगा, प्रतिस्पर्धा होना तो भारतीय क्रिकेट के लिए और भी अच्छा है, तो यही लजदगी है। मैं अभी भी फिट हूं तो कुछ ना कुछ नई कोशिश में लगा रहता हूं। वापसी का मौका मिलेगा तो मैं हमेशा तैयार हूं। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज़ खेल रही है और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर गेंदबाज़ टीम में नहीं है, जसप्रीत बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलने की बात कह चुके हैं।

# एम्मा डीसी ओपन के सेमीफाइनल में



**● एम्मा रादुकानू ने मारिया सकारी को महिला एक वर्ग में 6-4, 7-5 से हराया**

**वाशिंगटन, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू ने यूनान की मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

क्वार्टर फाइनल में 22 वर्षीय खिलाड़ी रादुकानू ने अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए उमस भरी गर्मी के बीच दो घंटे छह मिनट चले मुकाबले में मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। अब सेमीफाइनल में रादुकानू का मुकाबला रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा। अन्ना कालिंस्काया ने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

### राजस्थान शतरंज संघ के चुनाव के लिए शर्मा चुनाव अधिकारी नियुक्त

**बीकानेर, वार्ता।** राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारिणी के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए सेवा.निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शतरंज संघ के अध्यक्ष महावीर रांका ने शनिवार को बताया कि राजस्थान शतरंज संघ की कार्यकारणी का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। अगली कार्यकारिणी चुनने के लिए पूर्व न्यायाधीश शर्मा राजस्थान शतरंज संघ से संबद्ध जिला शतरंज संघों की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न करवायेंगे।

# वेदा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**● वेदा कृष्णमूर्ति ने आज सोशल मीडिया पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेटर वेदा कृष्णमूर्ति ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। वेदा ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे। कदुर में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ।

मैंने बल्ला उठाया, यह नहीं जानते हुए कि यह मुझे कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पता था कि मुझे इस खेल से प्यार है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मुझे संकरी गलियों से लेकर सबसे बड़े स्टेडियमों तक, खामोश उम्मीदों से लेकर गर्व से भारतीय जर्सी पहनने तक, इतना आगे ले जाएगा। क्रिकेट ने मुझे एक करियर से कहीं बढ़कर दिया। इसने मुझे एहसास दिलाया कि मैं कौन हूँ। इसने मुझे सिखाया कि कैसे लड़ना है, कैसे गिरना है और कैसे खुद को साबित करना है। आज, पूरे मन से, मैं इस अध्याय को विराम दे रही हूँ। मध्यक्रम की आक्रामक बल्लेबाज वेदा ने भारत के लिए 48 एकदिवसीय और 76 टी-20 मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार एमसीजी में 2020 टी-20 विश्वकप फाइनल में देश का प्रतिनिधित्व किया था, जबकि भारत के लिए उनका आखिरी एकदिवसीय मुकाबला उससे लगभग दो साल पहले, अप्रैल 2018 में मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ खेला था। वेदा ने 50 ओवरों के प्रारूप में 829 रन बनाये और तीन विकेट लिए तथा सबसे छोटे प्रारूप में 875 रन बनाये। वेदा ने कहा कि मेरे माता-पिता और भाई-बहनों, खासकर मेरी बहन, मेरी पहली टीम होने के लिए धन्यवाद। और मेरी निरंतर शक्ति। मेरे कोचों, कप्तानों और मार्गदर्शकों को, मुझे आकार देने के लिए धन्यवाद। बीसीसीआई को, भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान देने के लिए आभार। केएससीए, रेलवे और केआईओसी को, मुझे आगे बढ़ने का मौका देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मेरी टीम की साथियों को, आपने इस सफर के हर पल को सार्थक बनाया। हमने सब कुछ साझा किया है। जीत, हार और हंसी, जो हमेशा मेरे साथ रहेगी। आप कभी केवल टीम के साथी नहीं थे। आप परिवार थे। मेरे दोस्तों को, वहां मौजूद रहने के लिए धन्यवाद। कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी करना मेरे लिए एक सम्मान की बात थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। उन टीमों ने मुझे आकार दिया, मुझे चुनौती दी और मुझे पूरे दिल से नेतृत्व करने की जगह दी। और भारत की उस जर्सी को पहनने के एहसास की बराबरी कोई नहीं कर सकता। राष्ट्रगान, एड्रेनालाईन, गर्व-ये सब हमेशा आपकी हड्डियों में बसता है। वेदा ने लिखा कि 2017 एक ऐसे विश्वकप का हिस्सा बनने के लिए क्या ही शानदार साल रहा जिसने भारत में महिला क्रिकेट के प्रति लोगों के नजरिए को बदल दिया। मुझे इस पर हमेशा गर्व रहेगा। फिजियो, ट्रेनर, सिलेक्टर और पर्दे के पीछे काम करने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।

# राहुल-गिल ने भारतीय पारी को संभाला

**● मैनचेस्टर टेस्ट: दोनों में फिफ्टी की साझेदारी, इंडिया ने जीरो पर गंवा दिए थे दो विकेट, इंग्लैंड 669/10**




**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम मुश्किल में है। टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 81 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। टीम इंग्लैंड से 230 रन पीछे है। केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद हैं। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों को क्रिस वोक्स ने पहले ओवर में आउट किया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर बनाया। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया के 656/8 के स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इस तरह इंग्लिश टीम को पहली पारी में 311 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया पहली पारी में 358 रन पर आउट हुई। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओप.नर बेन डकेट ने 94, जैक क्राली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वाशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया। 25वें ओवर की आखिरी बाल पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल को जीवनदान मिला। ब्रायडन कार्स की आउट स्विंग बाल पर गिल ने पाइंट की दिशा में खेला। लियम डासन ने छलांग लगाकर कैच करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। 16वें ओवर में केएल राहुल और शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी कर पूरी कर ली है। टीम इंडिया ने शून्य के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन शून्य पर आउट हुए। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन का पहला सेशन इंग्लैंड के नाम रहा है। 25.1 ओवर के इस सेशन में 126 रन बने और 5 विकेट गिरे। इनमें 2 विकेट इंडिया ने एक रन बनाने में गंवा दिए। वहीं, 544/7 से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड 669 रन पर आलआउट हो गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रनों की पारी खेली। 311 रन से पिछड़ रही भारतीय टीम ने दूसरी पारी के पहले ओवर में दो विकेट गंवाए।



आणंद। गुजरात में जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## हवा में टक्कर से बचने के लिए यात्री विमान को नीचे उतरना पड़ा, दो घायल

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया से उड़ान भरने वाले साउथवेस्ट के एक विमान को शुक्रवार को संभावित हवा में टक्कर से बचने के लिए नीचे उतरने पर मजबूर किया गया, जिससे दो परिचारक घायल हो गए। साउथवेस्ट फ्लाइट 1496 के चालक दल ने शुक्रवार दोपहर हॉलीवुड बरबैंक हवाई अड्डे से उतरते समय विमान में दो ट्रैफ़िक अलर्ट देखे, जिसके बाद उन्हें अलर्ट का पालन करने के लिए विमान को चढ़ाना और उतारना पड़ा। साउथवेस्ट एयरलाइंस के एक बयान के अनुसार, उड़ान लास वेगास के लिए रवाना हुई, जहां बिना किसी घटना के उतर गई।

# मालदीव के मामलों में किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: मुइज्जू

## मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को संबोधित कर रहे थे।

मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो। मालदीव की दो दिन की राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। पुलिस और रक्षा बलों को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि इसे लेकर पहले भी कई बार सवाल उठते रहे हैं। मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं ही मातृभूमि की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे। साथ ही उन्होंने माना कि मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा, और इस संबंध में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।



■ प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए: मालदीव राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने उन राष्ट्रीय नायकों को भी श्रद्धांजलि दी जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा को बनाए रखने की साझा जिम्मेदारी पर ज़ोर दिया। मालदीव की स्वतंत्रता के इतिहास की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को मजबूत और आधुनिक बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## मालदीव के उपराष्ट्रपति व पूर्व राष्ट्रपति से मिले मोदी

■ दोनों देशों के संबंधों पर हुई बात

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां माले में वहां के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के साथ मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मोदी ने उपराष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कहा कि इस दौरान बातचीत भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केन्द्रित रही और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी और अधिक प्रगाढ होगी। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़ के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमारी चर्चा भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रही। हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। यह हमारे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आने वाले वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने की आशा करते हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया: राजनेता गैरेथ वार्ड दुष्कर्म के दोषी पाए गए

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक राजनेता को दो युवकों के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। एक जूरी ने अभी भी राज्य संसद के सदस्य गैरेथ वार्ड को अभद्र हमले के तीन मामलों और बलात्कार के एक मामले में दोषी पाया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पीड़ितों, जिनकी उम्र 18 और 24 वर्ष थी, ने कहा कि 2013 और 2015 के बीच राजनीतिक हलकों के माध्यम से 44 वर्षीय वार्ड से मिलने के बाद उनके साथ वार्ड के घर पर मारपीट की गई थी। वर्ष 2021 में आरोप सामने आने पर वार्ड ने राज्य सरकार के मंत्री और लिबरल पार्टी से इस्तीफा दे दिया, लेकिन संसद छोड़ने से इनकार कर दिया और 2023 में कियामा के सदस्य के रूप में फिर से चुने गए। वार्ड इस साल के अंत में सजा सुनाए जाने के लिए अदालत में पेश होंगे।

#### थाईलैंड कंबोडिया संघर्ष का कारण राजनीतिक गलतियां: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** विशेषज्ञों का कहना है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हाल ही में बढ़ा तनाव महज दुर्घटना नहीं है बल्कि यह राजनीतिक गलतियों और राष्ट्रवादी प्रवृत्तियों की सुप्त आग को फिर से भड़काने का परिणाम है। मलेशिया में कुआलालंपुर स्थित मलाया विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबध एवं मानवाधिकार मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. खू यिग हूई ने संवाद एजेंसी स्पुतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ताज़ा झड़पें लंबे समय से चले आ रहे तनाव और एक नई राजनीतिक चिंगारी का नतीजा हैं। थाईलैंड में शिनावात्रा और कंबोडिया में हुन परिवारो जैसे दो शक्तिशाली पक्षों से जुड़ा एक राजनीतिक नाटक इस मामले को और तूल दे रहा है।

# अमेरिकी कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका

## जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करने की कोशिश पर लगी रोक



■ कई राज्यों ने दी थी आदेश को चुनौती
■ यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है: लियो सोरोकिन
■ लियो ने यह भी कहा: मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन के उस आदेश को रोक दिया है, जिसके जरिए अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इन्कार किया गया था।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह नियम लागू करना चाहा था कि अमेरिका में जन्मे ऐसे बच्चों को नागरिकता न दी जाए जिनके माता-पिता अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं या अस्थाई वीजा पर हैं। ट्रम्प प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ कई राज्यों ने अदालत में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह आदेश न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि इससे उन्हें उन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाएं देने में आर्थिक नुकसान भी होगा।

मामले में सुनवाई के दौरान बोस्टन के जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति केवल एक कलम से देश के कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा। बात अगर अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन की करें तो यह अमेरिका का वो संवैधानिक प्रावधान है जो कहता है कि अमेरिका में जन्मा हर व्यक्ति अमेरिकी नागरिक होगा चाहे उसके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो। गौरतलब है कि ट्रम्प के इस आदेश के खिलाफ पूरे अमेरिका में चर्चा तेज है। ऐसे में इस मामले में इससे पहले न्यू हैम्पशायर, सैन फ्रांसिस्को और मैरीलैंड की अदालतें भी इस आदेश को असंवैधानिक बता चुकी हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में निचली अदालतों को पूरे देश में रोक लगाने से मना किया था, लेकिन राज्यों और समूहों द्वारा दायर मुकदमों में अभी भी राष्ट्रव्यापी प्रभाव वाले फैसले दिए जा सकते हैं। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से अभी इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## ट्रम्प बोले: हमास की वजह से सीजफायर डील टूटी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में सीजफायर डील पर बातचीत टूटने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने आगे कहा मुझे लगता है कि हमास मरना चाहता है, और ये बहुत ही बुरी स्थिति है। अब वक्त आ गया है कि ये काम पूरा किया जाए। इससे कुछ हफ्ते पहले ट्रम्प ने कहा था कि गाजा में जल्द सीजफायर और बंधकों की रिहाई के लिए समझौता जल्द हो सकता है। इस हफ्ते ट्रम्प प्रशासन ने दोहा में चल रही बातचीत से अपने वार्ताकारों को वापस बुला लिया था। ट्रम्प ने कहा कि अब जब केवल कुछ ही बंधक बचे हैं, तो हमास की बातचीत में दिलचस्पी कम हो गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायली बंधकों की रिहाई में हमास सबसे बड़ी रुकावट है। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका अब मिलकर इस संकट से निपटने के लिए रास्ता खोज रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा हम अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि बंधकों को वापस लाया जा सके। हमास के आतंक के शासन को खत्म किया जा सके।

# ईरान में आतंकवादी हमले में आठ लोगों की मौत, 13 घायल

■ हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल
■ हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी दक्षिण-पूर्वी शहर ज़ाहेदान में न्याय विभाग की इमारत पर शनिवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और अन्य 13 घायल हो गए।

हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने ली है। ईरान ने इसे एक आतंकवादी समूह घोषित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्याय विभाग के परिसर में घुसते ही आतंकवादियों ने वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि उसके जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। आईआरजीसी ने बताया कि हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है। सुरक्षा बल ने स्थिति को नियंत्रण कर लिया है। ज़ाहेदान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के प्रमुख मोहम्मद-हसन मोहम्मदी ने एक बयान में कहा कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रांतीय अधिकारियों ने लोगों से न्याय विभाग और आसपास के इलाकों से दूर रहने का आह्वान किया है। सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने हाल के वर्षों में ईरानी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर कई घातक हमले किए हैं।

# पाक में भारी वर्षा के कारण अब तक 266 लोगों की मौत

■ बारिश से जुड़े हादसों में पाक के पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 30 दिनों के दौरान मूसलाधार बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में 266 लोगों की मौत हो गई और 633 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के कल जारी आंकड़ों में इस आशय की सूचना दी गई।

एनडीएमए की नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के अनुसार हालांकि पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण कहीं से भी किसी की मृत्यु होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पांच लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। ये आंकड़े 26 जून से 25 जुलाई की अवधि के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश से जुड़े हादसों में पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए और 493 घायल हुए। उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 63 लोगों की मौत और 79 अन्य के घायल होने की खबरें हैं। रिपोर्ट के अनुसार सिंध में 25 से लोग मारे गए हैं, जबकि 40 अन्य घायल हुए हैं। बलूचिस्तान में 16 लोगों की मृत्यु होने और चार अन्य के घायल होने की खबर है। गिलगिट-बाल्टिस्तान और इस्लामाबाद में आठ लोग मारे गए, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दो लोगों की जानें गईं। एनडीएमए द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश भर से प्राप्त इन आंकड़ों में बच्चों की मृत्यु का अनुपात काफी जयादा है। इनमें 126 बच्चों की मृत्यु और 209 अन्य के घायल होने की खबर है।

## साद में यमनी सेना और हूतियों के बीच संघर्ष में 10 सैनिकों की मौत

**अदन, यमन।** उत्तरी प्रांत सादा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हूती मिलिशिया द्वारा किए गए बड़े पैमाने के हमले को नाकाम कर दिया गया है। यमन के सरकार समर्थक बलों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में बलों ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सादा प्रांत के उत्तर में अलेब सैन्य मोर्चे पर हूतियों के बड़े पैमाने के हमले को विफल कर दिया। बयान में कहा गया है कि इस संघर्ष में 10 सरकारी सैनिक मारे गए, जबकि दर्जनों दुश्मन लड़ाके मारे गए या घायल हुए। इसमें यह भी कहा गया है कि हूती आतंकवादियों के शव इलाके की घाटियों में बिखरे पड़े मिले और तीन हूती सैन्य वाहन नष्ट हो गए।

# इजरायली हमलों में मारे गए 25 फलस्तीनी

### मदद पाने की कोशिश में कई घायल



■ अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुलाया

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में शनिवार को इजरायली हवाई हमलों और गोलीबारी में 25 लोग मारे गए। इस बीच, अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुला लिया है और गाजा में फलस्तीनियों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारियों और एंबुलेंस सेवा ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि ज्यादातर लोग जिकिम क्रासिंग के पास मदद के लिए ट्रकों का इंतजार करते समय मारे गए। इजरायली सेना ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अस्पताल और एंबुलेंस सेवा ने बताया कि हमलों में गाजा सिटी में चार लोग मारे गए, जो अपार्टमेंट पर थे। यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम वार्ता रुक गई है। अमेरिका और इजरायल ने अपनी वार्ता टीमों को वापस बुला लिया है, जिससे वार्ता के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम वार्ता के अलावा 'वैकल्पिक विकल्प' पर विचार कर रही है। वहीं, हमास के एक अधिकारी ने कहा कि वार्ताअगले सप्ताह फिर शुरू हो सकती है और उन्होंने इजरायली और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की वापसी को दबाव की रणनीति बताया। मिस्र और कतर ने कहा कि यह वार्ताएं अस्थाई रूप से रुकी हैं और फिर से शुरू होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कब शुरू होंगी। ये दोनों देश अमेरिका के साथ मिलकर वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और विशेषज्ञों का कहना है कि बेबस फलस्तीनियों के लिए जल्द युद्धविराम होना जरूरी है। गाजा के फलस्तीनियों को भूखमरी का खतरा है और कुपोषण से मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि, इजरायली सेना का कहना है कि वह बिना किसी रोकटोक के मदद के ट्रकों को गाजा में प्रवेश करने दे रही है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायली सैन्य प्रतिबंधों और लूटपाट की घटनाओं के कारण मदद कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ दिन पहले भी जिकिम क्रासिंग पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें 79 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी, जो उसी क्रासिंग से मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। इजरायली सेना ने उस वक्त कहा था कि उसके सैनिकों ने उन हजारों फलस्तीनियों पर गोली चलाई जो खतरा पैदा कर रहे थे।

# थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष में मौत का आंकड़ा 33 हुआ

## कंबोडिया बोला: पड़ोसी देश जानबूझकर जंग बढ़ा रहा, यूएन से संघर्ष रुकवाने की मांग

■ मरने वालों में कंबोडिया के आठ नागरिक, पांच सैनिक शामिल व 71 लोग घायल भी हुए

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है।

इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। यूएन सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है। इस मीटिंग में थाईलैंड ने कंबोडिया पर सीमावर्ती इलाके में बारूदी सुरंगें बिछने का आरोप लगाया। थाई राजदूत ने कहा कि कंबोडिया ने ही हमले शुरू किए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने न्यूयार्क में बंद कमरे में एक आपात बैठक की। इसमें सभी 15 देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान निकालने की अपील की। कंबोडिया के यूएन राजदूत छेआ कीओ ने कहा हम बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं। हमारी कोई आक्रमण की मंशा नहीं है, हम एक छोटा देश हैं, हमारे पास एयरफोर्स तक नहीं है। विवाद को देखते हुए थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों से थाईलैंड और कंबोडिया सीमा के पास 7 राज्यों में जाने से बचने की अपील की गई है। इनमें उबोन रत्चथानी, सुरिन, सिसाकेत, बुरीराम, सा काओ, चंथाबुरी और ट्राट शामिल हैं। इसके अलावा इमरजेंसी की स्थिति में दूतावास से संपर्क करने के लिए कहा गया है। कंबोडिया ने जंग शुरू होने के बाद पहली बार हताहतों की संख्या बताई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अब तक 13 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 5 सैनिक हैं। वहीं, 71 घायल हुए हैं, जिसमें 21 सैनिक हैं। सबसे ज्यादा नुकसान ओड्डार मीनचे प्रांत में हुआ है। लड़ाई की वजह से हजारों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पलायन करना पड़ा है।

## कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ जुड़े संघर्ष क्षेत्रों में उड़ानों पर लगाए प्रतिबंध

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के नागरिक उड्डयन राज्य सचिवालय (एसएससीए) ने उन क्षेत्रों में सभी उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया है, जहां कंबोडिया और थाईलैंड के बीच संघर्ष चल रहा है। एसएससीए के राज्य सचिव सिन चांसरे वुथा ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि सभी हवाई कंपनियों को सूचित कर दिया है कि संघर्ष क्षेत्रों से उड़ान न भरें और कोई भी जहाज समुद्री सतह से 12000 मीटर से कम की ऊंचाई पर न उड़े। पोइपेट शहर, पैलिन प्रांत और सिएम रीप प्रांत के कुछ हिस्सों को भी प्रतिबंधित क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। वुथा ने कहा कि सभी उपाय हवाई संचालन और नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए उठाये गए हैं।

# रूस ने गुप्त ड्रोन संयंत्र को किया सार्वजनिक



■ रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं

**मास्को।** रूस ने अपने ड्रोन संयंत्र और रूस के युद्ध प्रयास में इसके योगदान को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है और ड्रोन उत्पादन सुविधा के अंदर की पहली आधिकारिक झलक सार्वजनिक की है।

यह जानकारी सीएनएन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अलाबुगा के कारखाने में विशिष्ट काले, त्रिकोणीय ईरानी डिज़ाइन वाले हमलावर ड्रोन (जिन्हें रूसी भाषा में गेरान कहा जाता है) पंक्तियों में लगे हुए हैं जो देश के सबसे बड़े ड्रोन कारखानों में से एक है। यह रूस का मुख्य हमलावर ड्रोन कारखाना है जो यूक्रेनी शहरों पर क्रेमलिन के बढ़ते ड्रोन हमले में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस बात के भी सबूत हैं कि युवाओं को न केवल अलाबुगा में ड्रोन संयोजन में बल्कि निर्माण कार्य में भी शामिल किया जा रहा है। अलाबुगा के महानिदेशक शगिवालेव ने कहा कि तीन वर्षों से ईरानी-डिज़ाइन किए गए शाहेद ड्रोन का उत्पादन करने वाला अलाबुगा अब पूरी तरह से ईरानी फैंचाइज़ी से पूरी तरह से स्थानीय उत्पादन में स्थानांतरित हो गया है। विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक डेविड अलब्राइट ने सीएनएन से कहा कि कारखाने पर से पर्दा उठाने का निर्णय दर्शाता है कि रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। अलाबुगा ने 2023 में शाहेद ड्रोन का उत्पादन शुरू किया और अब यह सस्ते संस्करण भी बना रहा है (जिन्हें गेरबेरा के नाम से जाना जाता है)। पिछले अगस्त में यूक्रेन पर रूसी ड्रोन हमलों में तेज़ी आने के साथ ही इस संयंत्र का विस्तार शुरू हो गया था।

# दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा



## नौवें दिन 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई सैयारा बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर, बनी 2025 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

**मुंबई।** फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है। 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में लगी इस फिल्म ने शानदार ओपनिंग के साथ शुरुआत की। इसके पहले दिन की कमाई और दर्शकों की प्रतिक्रिया से ही अंदाजा हो गया कि यह फिल्म कमाल करने वाली है और ऐसा ही हो रहा है। हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही इस फिल्म ने आज शनिवार को नौवें दिन एक और उपलब्धि दर्ज की है। यह 200 करोड़ी बन गई है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 21.5 करोड़ रुपये जुटाए। महज चार दिनों में यह 100 करोड़ी बन गई थी। इस फिल्म ने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर 172.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। कल आठवें दिन इसकी कमाई 18 करोड़ रुपये रही। वहीं, खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक आज शनिवार को फिल्म ने अब तक 11.21 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वीकएंड पर एक बार फिर दर्शकों की भीड़ इस फिल्म को देखने उमड़ पड़ी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 201.96 करोड़ रुपए हो गया है। देश के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी फिल्म का जलवा बरकरार है। यह वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में रेस में सिर्फ विक्की कौशल की फिल्म छावा इससे आगे है। सैयारा ने वर्ल्डवाइड 278.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं, छावा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 797.34 करोड़ रुपये है। इस साल की बाकी फिल्मों को सैयारा ने धूल चटा दी है। सितारे जमीन पर, हाउसफुल 5, रेड 2 सभी इससे पीछे हैं। फिल्म सैयारा एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा दोनों ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे हैं। पहली ही फिल्म से दोनों ने दर्शकों पर जादू कर दिया है। फिल्म सैयारा का बजट करीब 50 करोड़ रुपए है।

## सैयारा की सफलता के बाद पहली बार दिखाई दीं अनीत

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी पहली ही फिल्म सैयारा से सफलता का स्वाद चख चुकी हैं। फिल्म की सक्सेस के बाद अनीत को पहली बार पब्लिक प्लेस पर देख गया है। 23 जुलाई को अनीत मुंबई में एक सैलून से बाहर देखी गईं, जहां उनका सामना फोटोग्राफरों से हुआ। वायरल वीडियो में अनीत ब्लू डेनिम और मैचिंग शर्ट पहने नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा है। सैलून के बाहर फोटोग्राफर और भीड़ को देखकर वह चौंक जाती हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत कार तक ले जाया गया। अनीत न सिर्फ फोटोग्राफरों से बचते दिखीं बल्कि उन्होंने एक फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट को भी मना कर दिया। फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट मना करने पर सोशल मीडिया पर मिक्स रिएक्शन मिल रहा है। कुछ लोगों ने अनीत को घमंडी कह रहे हैं, तो कुछ ने उनका बचाव किया। एक यूजर ने लिखा- वाह, क्या एटीट्यूड है। वहीं, अनीत के फैन ने उनका बचाव करते हुए लिखा- उस कैमरा और पैपराजी की आदत नहीं है। उसे कुछ समय दीजिए। वहीं, एक यूजर ने लिखा- यशराज ने उन्हें मीडिया से दूरी बनाने के लिए कहा है। अनीत के एक और फैन ने लिखा- यह उसका पहली बार है दोस्तों। उसे इसकी आदत नहीं है। बता दें कि अनीत पड्डा और अहान पांडे ने यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के साथ मोहित सूरी ने तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है।



## वॉर 2 में कैमियो करेंगी आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी आदित्य चोपड़ा निर्मित फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है। वॉर 2 का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। चर्चा है कि वॉर 2 में आलिया भट्ट भी नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म में एजेंट की भूमिका में नजर आने वाली है। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म वॉर 2 का ट्रेलर शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, मजेदार। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे नजदीकी सिनेमाघरों में मिलती हूं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद से ही मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को हिदी, तेलुगु व तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## महावतार नरसिम्हा ने रिकॉर्ड तोड़ रेटिंग हासिल की

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शन्स की फिल्म महावतार नरसिम्हा ने आईएमडीबी और बुक माय शो पर रिकॉर्ड तोड़ रेटिग हासिल की है।

फिल्म महावतार नरसिम्हा, सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शानदार दृश्य, बड़ा पैमाना और दिलचस्प कहानी के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त कामयाबी के रूप में सामने आई है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा की खूबसूरती को अच्छे तरीके से दिखाती है। महावतार नरसिम्हा एक शानदार सिनेमाई अनुभव से कम नहीं है, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। फिल्म को मिल रही जबरदस्त सराहना के बीच इसकी रेटिंग्स भी रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। बुक माय शो पर 9-8/10, गूगल पर 5/5 और आईएमडीबीपर 9-8/10। यह रेटिंग्स किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे ऊंची मानी जा रही हैं, जो दर्शकों से मिल रहे अपार प्यार और सम्मान को साफ दिखाती हैं। महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई और चैतन्य देसाई ने क्लीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 3 डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज की गई है।

## एक जैसे किरदारों को दोहराने में दिलचस्पी नहीं: सिद्धांत

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का कहना है कि उन्हें कभी भी फिल्मों में एक जैसे किरदार को दोहराने में दिलचस्पी नही रही है। सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही फिल्म धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। वह एक बार फिर एक ऐसी भावनात्मक दुनिया में कदम रख रहे हैं जो उनके लिए अबतक अनछुई रही है। पारंपरिक ढांचे से हटकर किरदार चुनने के लिए पहचाने जाने वाले सिद्धांत ने कहा कि उन्हें कभी खुद को दोहराने में दिलचस्पी नहीं रही। उन्होंने कहा, यदि लोगों को मेरा कोई एक रोल पसंद आया, इसका मतलब यह नहीं कि मैं वही करता रहूं। असली मजा है खुद को बदलने में और हर बार खुद को एक नई चुनौती देने में है। सिद्धांत ने कहा, मैं यहां मार्केट बनाए रखने नहीं, उसे हिलाने आया हूं। मैं अलग-अलग उम्र के लोगों, अलग इलाकों और सोच रखने वाले दर्शकों से जुड़ना चाहता हूं। तभी मैं सिर्फ एक अभिनेता नहीं, एक इंसान के तौर पर भी आगे बढ़ता हूं।

## बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** मशहूर पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना थे। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी।



## ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बैन के बाद एकता ने दी सफाई

### कहा: मेरा और मेरी मां का इस प्लेटफार्म से कोई लेना-देना नहीं है

**मुंबई।** ALTT, Ullu समेत 25 ओटीटी ऐप्स पर बैन लगने के बाद एकता कपूर ने कहा है कि ALTT से उनका और उनकी मां शोभा कपूर का कोई लेना-देना नहीं है। इस मामले को लेकर बयान जारी कर एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, जो BSE और NSE में लिस्टेड एक प्रोफेशनल तरीके से चलने वाली मीडिया कंपनी है। हाल ही में ALTT डिजिटल मीडिया एंटरटेनमेंट लिमिटेड (जो पहले इसकी पूरी तरह से अपनी कंपनी थी) के साथ हाल ही में विलय के बाद 20 जून, 2025 से ALTT का संचालन कर रही है। मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि ALTT को सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इन खबरों के उलट, एकता कपूर और शोभा कपूर का ALTT से अब कोई भी सबंध नहीं है। वे जून 2021 में ही ALTT से अलग हो चुकी हैं। अगर कोई इसके उलट दावा करता है, तो वह गलत है।

मीडिया से अनुरोध है कि सही और सटीक जानकारी ही दी जाए। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड सभी लागू कानूनों का पूरी तरह पालन करती है और अपना काम सबसे ऊंचे कार्पोरेट नियमों के साथ करती है।



ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

THE S.D. DEGREE COLLEGE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
JANSATH ROAD, NIRANA, Muzaffarnagar (U.P)
Invite Applications for the
APPOINTMENT OF PRINCIPAL & FACULTIES for
B.A. Hindi, English, History, Political Science, Drawing, Education & Sociology
B.Com. Commerce
B.Sc. Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates may send their resume to thesddegree@gmail.com